TNF TODAY

टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition | दिव्यांगजनों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर... (पेज-3) | पृष्ठ- 8 | वर्ष-01 अंक-डमी | मूल्य ₹7 | मंगलवार | दिनांक- 24.11.2026

'ये कुछ अधिक ही मुखर होने लगे हैं'

सीजेआई ने जजों को लगाई फटकार

एजेंसी, नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को न्यायिक अधिकारियों के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों में अनुशासन की कमी दिखाई दे रही है और वे लगातार अपनी सुविधाओं, वेतन-भत्तों और सेवा से जुड़े लाभों की मांग उठाते रहते हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि न्यायपालिका में अनुशासन बनाए रखना बेहद जरूरी है। इस पीठ में सीजेआई सूर्यकांत के अलावा जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना शामिल थे। पीठ ने सुनवाई के दौरान न्यायिक अधिकारियों की ओर से बार-बार अपनी सेवा शर्तों को लेकर आवेदन दाखिल करने पर भी सवाल उठाए।

'हर वक्त सुविधाओं के बारे में ही सोच रहे हैं'

सीजेआई सूर्यकांत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारी अब अपनी मांगों को लेकर कुछ ज्यादा ही मुखर हो रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'उन्हें हर समय यही चिंता रहती है कि उन्हें कौन-सी सुविधाएं मिल रही हैं, कौन-से सेवा लाभ दिए जा रहे हैं, उनकी सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाई जा रही है या नहीं और उन्हें दूसरी सुविधाएं मिलेंगी या नहीं।' मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा कि अदालतों के कामकाज और न्यायिक अधिकारियों की दिनभर की गतिविधियों से न्यायपालिका अनजान नहीं है। ऐसा नहीं है कि न्यायाधीश अपने चैंबर में बैठकर सिर्फ कॉफी पी रहे हैं और काम नहीं कर रहे हैं। अदालतों में कितना काम हो रहा है, इसकी पूरी जानकारी है। इसके बावजूद बार-बार सुविधाओं को लेकर आवेदन दाखिल करना अनुशासनहीनता को दर्शाता है।

बालेंद्र शाह का भारत दौरा: नेपाल 24000 करोड़ नेपाली रुपये की मदद देगा भारत

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के लिए बड़ी मदद का एलान किया है। भारत नेपाल को 24 हजार करोड़ नेपाली रुपये देगा। यह राशि बाढ़ के बाद पुनर्निर्माण और दीर्घकालीन विकास पर खर्च होगी।

पीएम मोदी ने सोमवार को नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह का भारत में स्वागत किया। पद संभालने के बाद यह उनकी पहली द्विपक्षीय भारत यात्रा है। दोनों नेताओं के बीच नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में बातचीत हुई। इसके बाद उन्होंने संयुक्त बयान दिया। पीएम मोदी ने अगस्त में नेपाल में आई भीषण बाढ़ में लोगों की मौत पर दुख जताया। साथ ही मुश्किल समय में नेपाल के साथ खड़े रहने का



भरोसा दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'हम अगस्त में नेपाल में आई भीषण बाढ़ से हुई जनहानि पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। आज नेपाल के पुनर्निर्माण और लंबे समय के विकास को नई ताकत देने के लिए हम 24 हजार करोड़ नेपाली रुपये के विकास सहयोग पैकेज की घोषणा करते हैं'।

उन्होंने आर्थिक पैकेज का मकसद भी बताया। कहा, 'हमारा संकल्प है कि प्रभावित परिवारों का जीवन फिर से पटरी पर लौटे। नए अवसर पैदा हों। भविष्य में आने वाली आपदाओं से निपटने की नेपाल की क्षमता भी और मजबूत हो'।

बालेंद्र शाह की तारीफ कर क्या कहा?

पीएम मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले शाह ने संयुक्त राष्ट्र में भाषण दिया था। उस समय वह दुनिया के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे। मोदी ने उनके नेतृत्व की तारीफ की। उन्होंने इस साल नेपाल की जनता की ओर से शाह को मिले जनादेश का भी जिक्र किया। मोदी ने कहा, 'नेपाल के प्रधानमंत्री बनने के बाद बालेंद्र शाह की पहली द्विपक्षीय यात्रा पर भारत में उनका स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। कुछ महीने पहले जब उन्होंने दुनिया के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में संयुक्त राष्ट्र को संबोधित किया था, तब हमें उनकी सोच की साफ झलक मिली थी। आज पिछले कुछ घंटों की बातचीत के दौरान भी मैंने नेपाल के भविष्य और भारत-नेपाल संबंधों को लेकर उनकी स्पष्ट सोच और प्रतिबद्धता महसूस की है'।
उन्होंने आगे कहा, 'इस साल नेपाल की जनता ने उन्हें जो ऐतिहासिक जनादेश दिया है, वह नेपाल की नई पीढ़ी की आकांक्षाओं और उम्मीदों को दिखाता है'।

भारत-नेपाल संबंध पर क्या कहा?

पीएम मोदी ने दोनों देशों के पुराने संबंधों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल के संबंध गहरे हैं। दोनों देशों के बीच पारिवारिक जुड़ाव और अटूट भरोसा है। मोदी ने कहा, 'भारत हमेशा से एक मजबूत और समृद्ध नेपाल की विकास यात्रा में भागीदार रहा है। इसी भावना के साथ आज हमने अपने संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कई अहम फैसले किए हैं'। उन्होंने कहा, 'दोस्तों, भारत और नेपाल का संबंध सिर्फ पड़ोस का नहीं है। यह गहरे पारिवारिक जुड़ाव और अटूट भरोसे का रिश्ता है। हमारी खुशियां साझा हैं और चुनौतियां भी। हम एक-दूसरे की तरक्की में भागीदार हैं। मुश्किल समय में एक-दूसरे का सहारा भी बनते हैं'।

किन आठ क्षेत्रों में हुए समझौते?

बालेन शाह की यात्रा के दौरान भारत और नेपाल ने आठ समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ये समझौते कई अहम क्षेत्रों से जुड़े हैं। इनमें अंतरिक्ष तकनीक, सुरक्षा प्रशिक्षण, सरकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, पारंपरिक चिकित्सा, टिकाऊ शहरी विकास और कृषि शामिल हैं।

अंतरिक्ष और संचार के क्षेत्र में क्या हुआ?

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और नेपाल के सूचना एवं संचार मंत्रालय के बीच समझौता हुआ। इसका मकसद दक्षिण एशिया उपग्रह के इस्तेमाल के लिए उपग्रह संचार नेटवर्क बनाना है।

पुलिस और फॉरेंसिक विज्ञान में क्या सहयोग होगा?

इस क्षेत्र में दो समझौते हुए। पहला समझौता गुजरात के गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय और नेपाल पुलिस के अपराध जांच विभाग के बीच हुआ। इसका मकसद पढ़ाई और शोध में सहयोग बढ़ाना है। दूसरा समझौता भारत के राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय और नेपाल की राष्ट्रीय पुलिस अकादमी के बीच हुआ।

सरयू-कमला एक्सप्रेस का सीएम ने किया शुभारंभ

फिर मजबूत होंगे राम-जानकी के रिश्ते: योगी आदित्यनाथ



एजेंसी, लखनऊ।

अयोध्या और मिथिला की सदियों पुरानी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पारिवारिक विरासत को आधुनिक रेल संपर्क के माध्यम से नई मजबूती मिलने जा रही है। अयोध्या धाम और जनकपुर धाम के बीच शुरू की गई सरयू-कमला एक्सप्रेस भारत और नेपाल के ऐतिहासिक संबंधों को नई ऊंचाई देने के साथ दोनों देशों के श्रद्धालुओं, व्यापारियों और आम नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाएगी।

यह केवल दो धार्मिक नगरों को जोड़ने वाली रेल सेवा नहीं, बल्कि साझा विरासत, जनआस्था और आर्थिक संभावनाओं को एक साथ जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर सरयू-कमला एक्सप्रेस के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विरासत और विकास' के दृष्टिकोण का उदाहरण बताया।

माता जानकी के दर्शन की सुविधा

उन्होंने कहा कि मां सरयू की पावन धारा से सिंचित अयोध्या और मां कमला के जल से अभिसिंचित माता जानकी की भूमि जनकपुर का यह जुड़ाव दोनों देशों के हजारों वर्षों पुराने संबंधों को नया विस्तार देगा। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक पहल से नेपाल के श्रद्धालु सीधे अयोध्या आकर रामलला के दर्शन कर सकेंगे, वहीं भारत के श्रद्धालुओं को जनकपुर धाम में माता जानकी के दर्शन की सुविधा मिलेगी। यह दोनों देशों की चिरस्थायी मित्रता और आपसी विश्वास को और सुदृढ़ करेगी।

राम-जानकी परंपरा में रचा-बसा है भारत-नेपाल का रिश्ता

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और नेपाल का संबंध केवल दो पड़ोसी देशों का राजनीतिक या भौगोलिक संबंध नहीं है, बल्कि यह हजारों वर्षों की साझा आस्था, आत्मीयता, संस्कृति और पारिवारिक रिश्तों से बना है। इसे राम-जानकी की परंपरा में 'रोटी-बेटी का रिश्ता' कहा जाता है। महर्षि विश्वामित्र के साथ भगवान श्रीराम और लक्ष्मण का मिथिला जाना तथा विवाह के उपरांत महाराजा दशरथ की बारात का अयोध्या से जनकपुर पहुंचना आज भी दोनों क्षेत्रों की सांस्कृतिक स्मृतियों में जीवंत है। विवाह पंचमी सहित विभिन्न पारंपरिक आयोजनों में इस प्रसंग को उत्सव के रूप में मनाया जाता है। अयोध्या के लोग आज भी जनकपुर को अपना ससुराल मानते हैं और मिथिला क्षेत्र में भगवान श्रीराम को पाहुन मानकर उनके प्रति विशेष आत्मीयता और सम्मान का भाव है। उन्होंने कहा कि जनकपुर के राम-जानकी विवाह मंडप में विवाह पंचमी का उत्सव मनाया जाता है तो अयोध्या में भी मंगल गीत गूंजते हैं। पिछले वर्ष विवाह पंचमी के अवसर पर ही श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा की स्थापना हुई थी। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के लगभग 500 वर्षों के लंबे संघर्ष का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा में नेपाल के संतों, युवाओं, माताओं-बहनों और सामान्य श्रद्धालुओं का त्याग एवं सहयोग सदैव स्मरणीय रहेगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर माता जानकी के मायके जनकपुर धाम से सैकड़ों श्रद्धालु मंगल उपहार लेकर स्नेहपूर्वक अयोध्या पहुंचे थे।

नए अवसर तैयार होंगे

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले सप्ताह ही 1,450 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 80 किलोमीटर लंबे गोरखपुर-सोनौली मार्ग का लोकार्पण किया गया। नेपाल सीमा से सिद्धार्थनगर और बस्ती होते हुए प्रयागराज तक फोरलेन कॉरिडोर विकसित करने की योजना पर भी काम चल रहा है। उन्होंने 750 किलोमीटर लंबे प्रस्तावित छह लेन के गोरखपुर-शामली ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल सीमा के बीच संपर्क मजबूत होगा। वहीं, अयोध्या से सीतामढ़ी होते हुए जनकपुर की ओर जाने वाला श्रीराम-जानकी मार्ग भी आकार ले रहा है। इन परियोजनाओं से भारत-नेपाल के बीच व्यापार, पर्यटन और सामाजिक संपर्क के नए अवसर तैयार होंगे।
वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी उपेक्षा का सामना करने वाली अयोध्या आज आधुनिक और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ विकसित हो रही है। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के माध्यम से भगवान श्रीराम की नगरी को देश और दुनिया से जोड़ा गया है।

एशिया पावर इंडेक्स 2026: तीसरी सबसे बड़ी ताकत बना भारत

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट की ताजी एशिया पावर इंडेक्स-2026 में भारत को एशिया में अमेरिका और चीन के बाद तीसरा सबसे शक्तिशाली देश बताया गया है। भारत 'मेजर पावर' (प्रमुख शक्ति) की श्रेणी में एकमात्र देश बना हुआ है और जापान, रूस तथा ऑस्ट्रेलिया उससे पीछे हो गये हैं। रिपोर्ट में अमेरिका और चीन को 'सुपरपावर' का दर्जा मिला है।
अमेरिका का स्कोर 78.9 और चीन का 73.6 है (100 में से)। भारत का स्कोर बढ़कर 40.5 हो गया है। भारत और चीन के बीच शक्ति का अंतर अब इंडेक्स शुरू होने (2018) के बाद सबसे कम रह गया है। अमेरिका व चीन के बीच भी अंतर घट कर काफी कम रह गया है।
लोवी इंस्टीट्यूट के अनुसार, भारत की कूटनीतिक हैसियत, लंबे समय की मजबूत आर्थिक संभावनाएं और क्षेत्रीय सुरक्षा साझेदारियां उसे मेजर पावर के रूप में और मजबूत कर रही हैं। भारत को शीर्ष दस देशों में सबसे ज्यादा अंक दिया गया है। 2018 में जब इंडेक्स शुरू हुआ था तब भारत चौथे स्थान पर था। 2024 में उसने जापान को पीछे छोड़कर तीसरा स्थान हासिल किया। रिपोर्ट की सबसे बड़ी बात यह है कि पीएम नरेंद्र मोदी को एशिया में क्षेत्रीय नेतृत्व के मामले में दूसरा सबसे प्रभावी नेता बताया गया है। वे सिर्फ चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से पीछे हैं। 2025 में मोदी पांचवें स्थान पर थे, इस साल तीन स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे नंबर पर पहुंच गए।
लोवी के विशेषज्ञों ने सर्वे में मोदी को एशिया में भारत के कूटनीतिक हितों को आगे बढ़ाने में अधिक प्रभावी माना है। हालांकि खाड़ी संघर्ष के दौरान भारत के कम प्रोफाइल रहने से उनकी वैश्विक नेतृत्व छवि पर कुछ असर पड़ा।

राहुल गांधी पर रविशंकर प्रसाद का तीखा हमला, गिनाए देश की तरक्की के आंकड़े

'आप भारत को बदनाम क्यों कर रहे?'



एजेंसी, नई दिल्ली।

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विदेश जाकर भारत की अर्थव्यवस्था को कमजोर बताते हैं, जबकि दुनिया के कई बड़े और भरोसेमंद संस्थानों की रिपोर्टें भारत की बढ़ती ताकत और आर्थिक तरक्की की गवाही दे रही हैं। रविशंकर प्रसाद ने ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट, गोल्डमैन सैक्स, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (क्टऋ) और विश्व बैंक की रिपोर्टों का हवाला देते हुए राहुल गांधी से सवाल किया कि आखिर वे किस आधार पर भारत की अर्थव्यवस्था को कमजोर बता रहे हैं?

लोवी इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट में भारत को तीसरा स्थान

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऑस्ट्रेलिया के स्वतंत्र थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट की 'एशिया पावर इंडेक्स 2026' रिपोर्ट का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि 2003 में स्थापित यह संस्थान एशिया के देशों की राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक ताकत का आकलन करता है। इस बार की रिपोर्ट में 131 अलग-अलग मानकों के आधार पर एशिया के 27 देशों का अध्ययन किया गया है। प्रसाद के मुताबिक, इस रिपोर्ट में भारत को 40.5 अंक मिले हैं और वह एशिया की तीसरी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि यह भारत के बढ़ते राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव को दिखाता है। रिपोर्ट में भारत की आर्थिक क्षमता और भविष्य की संभावनाओं में भी सुधार दर्ज किया गया है।

भविष्य की ताकत के मामले में भी भारत ने लगाई छलांग

भाजपा सांसद ने बताया कि रिपोर्ट में 'फ्यूचर रिसोर्सेज' यानी भविष्य के संसाधनों के मामले में भारत का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। इस श्रेणी में भारत को 56.2 अंक मिले हैं। इसका मतलब है कि आने वाले समय में भारत के पास विकास, निवेश और आर्थिक विस्तार के अच्छे अवसर हैं। उन्होंने भारत के कूटनीतिक प्रभाव का स्कोर 70.3 बताया। प्रसाद ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एशिया के सबसे प्रभावशाली नेताओं में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बाद दूसरे स्थान पर हैं। उनके मुताबिक, यह भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय साख और दुनिया के देशों के साथ मजबूत होते रिश्तों का संकेत है।

आर्थिक रिश्तों और रक्षा नेटवर्क में भी सुधार

रविशंकर प्रसाद ने रिपोर्ट के हवाले से कहा कि भारत उन देशों में शामिल है, जिनके आर्थिक संबंधों में गिरावट नहीं आई है। उन्होंने खास तौर पर दावा किया कि भारत इकलौता ऐसा देश है, जिसके आर्थिक रिश्ते इस दौरान स्थिर बने रहे हैं। रक्षा नेटवर्क के मामले में भी भारत की स्थिति मजबूत हुई है। इस श्रेणी में भारत को 18.6 अंक मिले हैं और वह दो पायदान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गया है। प्रसाद ने कहा कि आर्थिक रिश्तों की मजबूती, बढ़ता कूटनीतिक प्रभाव और रक्षा नेटवर्क में सुधार बताते हैं कि भारत लगातार अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

2027 में सबसे तेजी से बढ़ सकती है भारत की अर्थव्यवस्था

प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा सांसद ने गोल्डमैन सैक्स की 26 नवंबर को जारी रिपोर्ट का भी हवाला दिया। उनके मुताबिक, इस रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2027 में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है और आर्थिक विकास की रफ्तार के मामले में चीन को पीछे छोड़ सकता है। उन्होंने अक्टूबर 2026 की क्टऋरिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है।
इसके अलावा विश्व बैंक की अक्टूबर 2026 की रिपोर्ट का हवाला देकर उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भी भारत की विकास दर और आर्थिक संभावनाओं को लेकर सकारात्मक हैं।

प्रकाश पर्व: पूर्व संध्या पर बोलीं राष्ट्रपति- गुरु नानक देव की सीख अपनाएं, प्रेम और समानता का संदेश फैलाएं

एजेंसी, नई दिल्ली।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को अपनाने का संकल्प लें और समाज व राष्ट्र के कल्याण में अपना योगदान दें।

'इक ओंकार' में छिपा है पूरी मानवता की एकता का संदेश

राष्ट्रपति ने कहा कि गुरु नानक देव जी का 'इक ओंकार' का संदेश मूल रूप से पूरी मानवता की एकता का संदेश है। उन्होंने ऐसे समाज के निर्माण पर जोर दिया, जहां जाति-पाति, ऊंच-नीच और किसी भी तरह के भेदभाव के लिए कोई जगह न हो।

प्रेम, करुणा और सेवा को बताया जीवन का आधार

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने सिखाया कि प्रेम, करुणा और मानवता की सेवा हमारे जीवन का आधार होनी चाहिए। उनके विचार आज भी लोगों को एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सद्भाव रखने की प्रेरणा देते हैं।

'नाम जपो, किरत करो और वंड छको' की अहमियत बताई

राष्ट्रपति ने गुरु नानक देव जी की तीन प्रमुख शिक्षाओं 'नाम जपो, किरत करो और वंड छको' का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इनका अर्थ है ईश्वर का स्मरण करना, ईमानदारी और मेहनत से आजीविका कमाना और अपनी कमाई को दूसरों के साथ बांटना।

दल-बदल विरोधी कानून पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, केंद्र और चुनाव आयोग से मांगा जवाब

एजेंसी, नई दिल्ली।

अयोग्यता की कार्यवाही से बचने और चुनी हुई सरकारों के अस्तित्व को प्रभावित करने के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए जाने वाले 'रणनीतिक इस्तीफों' के कथित दुरुपयोग को रोकने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है।

कोर्ट ने सोमवार को दल-बदल विरोधी कानून में व्यापक सुधार की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर केंद्र सरकार, निर्वाचन आयोग और विधि आयोग से जवाब तलब किया है।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की पीठ ने ए. सेतु की याचिका पर विधि एवं न्याय मंत्रालय तथा संसदीय



कार्य मंत्रालय को भी नोटिस जारी किए हैं।

एडवोकेट आर. सतीश कुमार और एडवोकेट जतिन के माध्यम से दायर इस याचिका में कहा गया है कि अयोग्यता की कार्यवाही का सामना कर रहे या इसकी आशंका वाले जनप्रतिनिधि (सांसद और विधायक) स्पीकर या सभापति के गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेने से पहले ही अक्सर इस्तीफा दे देते हैं।

इससे विधानसभाओं का संख्याबल बदल सकता है, राजनीतिक जोड़-तोड़ को बढ़ावा मिल सकता है और संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत दल-बदल कानून के परिणामों से बचा जा सकता है।

याचिका में निर्देश देने की मांग की गई है कि दसवीं अनुसूची के तहत यदि किसी सदस्य के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही लंबित या संभावित है, तो उसका इस्तीफा स्वतः ही इस कार्यवाही को समाप्त न करे। स्पीकर और सभापति ठोस तथ्यों के आधार पर इस्तीफे की स्वैच्छिकता व वास्तविकता की जांच कर तर्कसंगत आदेश पारित करें और अयोग्यता याचिका पर स्वतंत्र रूप से निर्णय लें।

इसके अलावा, इस्तीफों व अयोग्यता मामलों का समयबद्ध, तर्कसंगत और पारदर्शी निपटारा करने, स्पीकर-केंद्रित व्यवस्था की संस्थागत समीक्षा करने तथा त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में सरकार बनाने के लिए अनुच्छेद 188 के तहत शपथ ग्रहण के बाद केवल सदन के भीतर ही बहुमत परीक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई है।

देश की पहली बुलेट ट्रेन: मई 2027 में संचालन की योजना

एजेंसी, नई दिल्ली।



देश की पहली बुलेट ट्रेन के ट्रायल की तैयारी तेज हो गई है। मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल परियोजना के तहत सूरत से बिलिमोरा के बीच 50 किलोमीटर लंबे हिस्से पर मई 2027 में पहला ट्रायल किया जाएगा। रेल मंत्री ने यह जानकारी दी। इस ट्रेन को अधिकतम 280 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाने के लिए तैयार किया जा रहा है।
सूरत-बिलिमोरा खंड इस परियोजना का पहला हिस्सा होगा, जहां ट्रेन का परीक्षण किया जाएगा। इस रूट पर बिजली से जुड़ा काम पूरा हो चुका है। अब सिग्नलिंग का काम बाकी है। इसे जनवरी 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। 20 नवंबर 2026 को इस एलिवेटेड रूट की अप और डाउन दोनों लाइनों पर ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) चालू कर दिया गया। पूरे कॉरिडोर में 2 गुणा 25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम लगाया गया है। यह तेज रफ्तार ट्रेन को बिजली की आपूर्ति करेगा। इसके लिए बिलिमोरा में ट्रैक्शन सब स्टेशन भी स्थापित किया गया है। रेल मंत्री के मुताबिक, पूरी परियोजना को एक साथ शुरू करने के बजाय अलग-अलग चरणों में आगे बढ़ाया जाएगा। योजना के अनुसार, 2027 के अंत तक अहमदाबाद से वापी के बीच का हिस्सा तैयार करने का लक्ष्य है। वहीं, मुंबई की ओर ठाणे तक बुलेट ट्रेन के पहुंचने की उम्मीद 2029 में है। पहले ट्रायल में बी-28 ट्रेन सेट का इस्तेमाल किया जाएगा। इसे 280 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार के हिसाब से तैयार किया गया है। रेल मंत्री ने बताया कि 240 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति वाली ट्रेन हाई-स्पीड रेल श्रेणी में आती हैं। इतनी तेज रफ्तार पर सुरक्षित संचालन के लिए विशेष तकनीक और मजबूत निर्माण व्यवस्था जरूरी है।

जनपद स्तरीय सर सी.वी. रमन जन्म जयंती समारोह का भव्य आयोजन, विद्यार्थियों ने दिखाई वैज्ञानिक प्रतिभा

- समारोह में जनपद के 50 से अधिक विद्यालयों के लगभग 400 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, पोस्टर निर्माण, रंगोली, स्लोगन एवं अन्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने किया अपनी वैज्ञानिक सोच, नवाचार, रचनात्मकता एवं प्रतिभा का प्रदर्शन

टीएनएफ टुडे, आगरा।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं मुख्य विकास अधिकारी अमित कुमार की सहमति एवं मार्गदर्शन में जिला विज्ञान क्लब, आगरा के तत्वाधान में जनपद स्तरीय सर सी.वी. रमन जन्म जयंती समारोह का आयोजन दिनांक 23.11.26 को पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज शाहगंज, आगरा में जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र पाल सिंह तोमर एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मानवेंद्र सिंह के निर्देशन में किया गया।

महान भारतीय वैज्ञानिक एवं नोबेल पुरस्कार से सम्मानित सर चंद्रशेखर वेंकट रमन की जन्म जयंती के कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक, आगरा रविंद्र पाल सिंह तोमर, जिला विद्यालय निरीक्षक बालिका विश्व प्रताप सिंह, डॉ. रामनाथ गौतम, डॉ. आनंद राय, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मानवेंद्र सिंह, डॉ. निखिल जैन जिला समन्वयक, जिला विज्ञान क्लब, आगरा एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं सर सी.वी. रमन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

समारोह में जनपद के 50 से अधिक विद्यालयों के लगभग 400 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, पोस्टर निर्माण, रंगोली, स्लोगन एवं अन्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच, नवाचार, रचनात्मकता एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम में वक्ताओं की भूमिका में प्रोफेसर बृजेंद्र कुमार शर्मा भौतिक विज्ञान विभाग, आगरा कॉलेज, आगरा, प्रोफेसर रामवीर सिंह चौहान, भौतिक विज्ञान विभाग, आरबीएस कॉलेज आगरा एवं प्रोफेसर चंद्रवीर सिंह भौतिक विज्ञान विभाग, आगरा कॉलेज, आगरा उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने सर सी.वी. रमन के जीवन, उनके महान वैज्ञानिक योगदान तथा रमन प्रभाव की खोज पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, जिज्ञासु बनने एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया।

अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने तथा वैज्ञानिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जिला विज्ञान क्लब, आगरा द्वारा प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया, साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागियों, मार्गदर्शक शिक्षकों एवं आयोजन समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. राजेंद्र सिंह चौहान ने किया। रीता यादव, मीता वर्मा, अंकुश अग्रवाल, अमित महेश्वरी, नेहा अग्रवाल एवं विद्यालय के अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने उपजिलाधिकारी को सौंपी फार्मों की सूची

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।



विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत राजनीतिक दलों ने विधानसभा सूची के नवीनीकरण को लेकर उपजिलाधिकारी को फॉर्म 9 ,10 ,11 सहित अन्य फार्मों की सूची सौंपी। आपको बताते चलें कि आयोग के द्वारा 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक विधानसभा मतदाता सूची को लेकर विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण अभियान चल रहा है जिसमें सभी राजनीतिक दलों के द्वारा अपने प्रतिनिधियों को मतदान केंद्रों पर तैनात कर मतदाताओं के नाम बढ़ाने डबल के कटवाने तथा अन्य का काम किया जा रहा है। इसी को लेकर सोमवार को भाजपा से महेंद्र वर्मा, सपा से सौरभ शर्मा और बसपा से प्रभुदयाल के द्वारा 9, 10 ,11 व 11ए,11बी के फॉर्म की एक लिस्ट उपजिलाधिकारी को सौंपी गई। जिसमें फॉर्म 9 में मतदाता के नाम जोड़ने का विवरण होता है तथा फॉर्म 10 में मतदाता का नाम हटाने पर आपत्ति का विवरण होता है। तथा फॉर्म 11 में मतदाता के सुधार व संशोधन सूची का विवरण होता है तथा फॉर्म 11 ए में निर्वाचन क्षेत्र के अंदर स्थान परिवर्तन का विवरण दिया जाता है वहीं फॉर्म 11बी में एक निर्वाचन क्षेत्र से दूसरे निर्वाचन क्षेत्र में परिवर्तन को लेकर जानकारी होती है।

बटेश्वर से लौट रहे बाइक सवारों को कार ने मारी टक्कर

टीएनएफ टुडे, पिनाहट।

बाह आगरा मार्ग पर सोमवार दोपहर करीब दो बजे बाइक सवार शिवनंदन और रामवीर तोमर निवासी ग्राम उसैथ, अम्बाह मध्य प्रदेश निवासी बटेश्वर मंदिर में दर्शन कर वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वे भदरौली नहर की पुलिया के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहै अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

जिससे दोनों बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट पहुंचाया गया। जहां शिवनंदन के पैर में फ्रैक्चर होने पर आगरा रेफर कर दिया।

सरकारी चकमार्ग पर कब्जा करने पर ग्रामीणों ने स्कूली बच्चों के साथ तहसील में किया प्रदर्शन

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।



तहसील फतेहाबाद क्षेत्र के गांव बेहडी में सरकारी चकमार्ग पर कब्जा करने को लेकर सोमवार को ग्रामीण स्कूली बच्चों के साथ तहसील में शिकायत पहुंचे और प्रदर्शन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील फतेहाबाद क्षेत्र के गांव बेहड़ी निवासी फौरन सिंह पुत्र चरन सिंह ने बताया कि फतेहाबाद-पारौली मार्ग से गाटा संख्या 227 कबीर आश्रम सरकारी चकमार्ग पर गांव के ही लोगों ने कब्जा कर बंद कर दिया है। तथा विरोध करने पर लड़ाई झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। जिसको लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में भी शिकायत की गई थी। लेकिन उन लोगों ने अभी तक चक मार्ग से अवैध कब्जा नहीं हटाया है। जिसको लेकर सोमवार को ग्रामीण बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों के साथ तहसील में पहुंचे और अधिकारियों से फिर से शिकायत की।

वहीं कक्षा 10 की छात्रा नीलम ने बताया कि रास्ता बंद होने से पिछले 6 दिन से हम लोग स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। वहीं बताया कि बोर्ड परीक्षा भी है जिससे हमारा कोर्स भी छूट रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने स्कूली बच्चों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। शिकायत करने वालों में छात्र सलोनी,आईशा, आशीष ग्रामीण सोमवती, बसंती कमलेश, मलोदा, अशोक कुमार ,राकेश कुमार, अखिलेश, भूरी सिंह, सुनील कुमार, लाखन सिंह सहित बड़ी संख्या व स्कूली बच्चे मौजूद थे।

उपजिलाधिकारी फतेहाबाद स्वाति शर्मा ने बताया कि मौके पर राजस्व टीम को भेजकर चकमार्ग की पैमाइश कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



पड़ोसी महिला से घर आने को मना करने पर वृद्धा से मारपीट, घायल

फतेहाबाद। थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव पारौली सिकरवार में रविवार की रात पड़ोसी महिला से अपने घर आने की मना करने पर वृद्धा को महिला ने पीटकर घायल कर दिया, पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेजा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गाँव पारौली सिकरवार निवासी किरन देवी पत्नी स्व बिस्साराम ने बताया कि पड़ोसी महिला से अपने घर आने की मना किया था। इसी बात को लेकर रविवार की रात साढ़े ग्यारह बजे के करीब महिला अपनी पुत्रियों के साथ घर पर आकर गाली गलौज करने लगी विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान मारपीट में किरन देवी घायल हो गई। सोमवार सुबह पीड़िता ने घटना की जानकारी पुलिस को थाने आकर दी।पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

किसानों को मिलेगी आधुनिक खेती और योजनाओं की सौगात

टीएनएफ टुडे, आगरा।

- 26 नवंबर को कृषि विज्ञान केंद्र बिचपुरी में लगेगा एग्रोक्लाइमेटिक मेला और रबी गोष्ठी
- रबी फसलों की उन्नत तकनीक और मौसम आधारित कृषि सलाह से रूबरू होंगे अन्नदाता

कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण और कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए एक बड़ा आयोजन किया जा रहा है। उप निदेशक कृषि मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 26 नवंबर 2026 को प्रातः 10:30 बजे से कृषि विज्ञान केंद्र, बिचपुरी, आगरा के प्रांगण में जनपद स्तरीय 'रबी उत्पादकता गोष्ठी' एवं 'एक दिवसीय एग्रोक्लाइमेटिक मेला' आयोजित किया जाएगा।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभी संबंधित विभागों को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि वे कार्यक्रम में स्वयं प्रतिभाग करते हुए अपने-अपने विभाग की स्टॉल लगाएं। इन स्टॉलों के माध्यम से न केवल किसानों को विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी, बल्कि मौके पर ही उन्हें अनुमन्य सुविधाओं से लाभान्वित करना भी सुनिश्चित किया जाएगा। इस मेले में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सिंचाई, नलकूप, लघु सिंचाई, ग्रामीण विद्युत, सहकारिता, खाद्य एवं विपणन, फसल बीमा, अग्रणी बैंक, मंडी और भूमि संरक्षण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

प्रशासन और कृषि विभाग ने जनपद के समस्त किसान भाइयों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस गोष्ठी एवं मेले में पहुंचकर रबी फसलों की उन्नत तकनीक, मौसम आधारित कृषि सलाह और सरकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं।

न्यायालय के आदेश पर पत्थरबंदी करने पहुंची राजस्व टीम से अभद्रता,एसडीएम ने कार्रवाही को दिए आदेश

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

तहसील फतेहाबाद के गांव नगला मावई में न्यायालय के आदेश पर पत्थरबंदी की कार्रवाई करने पहुंची राजस्व टीम का विपक्षियों ने विरोध कर दिया। आरोप है कि विपक्षियों ने राजस्व निरीक्षक के हाथ से पत्रावली छीनकर फाड़ने का प्रयास किया और गाली-गलौज करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली। मामले में एसडीएम स्वाति शर्मा ने थाना प्रभारी फतेहाबाद को पत्र भेजकर आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने और मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

एसडीएम फतेहाबाद स्वाति शर्मा ओर से भेजे गए पत्र के अनुसार, गांव नगला मावई में गाटा संख्या 964, 963 और 962, प्रत्येक का रकबा 0.0850 हेक्टेयर है। इन गाटों पर उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 24 के तहत उपजिलाधिकारी न्यायालय से 20 अगस्त 2025 को पत्थरबंदी की कार्रवाई का आदेश पारित हुआ था। उपजिलाधिकारी न्यायालय से पारित आदेश के अनुपालन में क्षेत्रीय लेखपाल के साथ राजस्व निरीक्षक 29 अक्टूबर

मौके पर पहुंचे थे। आरोप है कि कार्रवाई शुरू होते ही विपक्षी वीरमान पुत्र स्व. कप्तान सिंह और रामकेश पुत्र वीरमान निवासी कुतकपुर गूजर ने विरोध शुरू कर दिया। आरोप है कि वीरमान ने राजस्व निरीक्षक के हाथ से धारा 24 की पत्रावली छीन ली और उसे फाड़ने लगा। पत्रावली का कवर फटने के बाद उसने फीता फेंक दिया। इसके बाद दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध के चलते मौके पर पत्थरबंदी और कब्जा दखल की कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी।

वहीं तहसीलदार फतेहाबाद शिखर मिश्रा ने नवंबर को उपजिलाधिकारी फतेहाबाद को आरोपियों के खिलाफ आख्या दी। एसडीएम स्वाति शर्मा ने सोमवार को थाना प्रभारी फतेहाबाद को आरोपियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और गाली-गलौज के आरोप में नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही न्यायालय के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने और मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा है, ताकि पत्थरबंदी की कार्रवाई पूरी कराई जा सके।

णमोकार महामंत्र और सुमधुर भजनों से गुंजायमान हुआ पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर

टीएनएफ टुडे, आगरा।

सेक्टर-4बी, आवास विकास कॉलोनी स्थित श्री 1008 प्रभु पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के अंतर्गत सोमवार को भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरी। नवग्रह युवक मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस भक्तिमय समारोह का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पार्षद संजू सिकरवार और अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्षद संजू सिकरवार ने नवग्रह युवक मंडल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन समाज को एक सूत्र में पिरोने के साथ ही युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध संस्कृति और धर्म के मार्ग से जोड़ने का कार्य करते हैं।

नवग्रह युवक मंडल के मीडिया प्रभारी लक्की जैन ने बताया कि सायंकालीन सत्र का आगाज शाम 6 बजे श्री णमोकार महामंत्र के 35 मिनट के सामूहिक पाठ से हुआ, जिससे पूरा वातावरण धर्ममय हो गया। इसके पश्चात शाम 6:35 बजे श्री भक्तामर स्तोत्र का वाचन किया गया और शाम 7 बजे प्रभु की भव्य संगीतमय आरती उतारी गई। आराधना के इसी क्रम में शाम 7:30 बजे पंडित सौरभ जैन शास्त्री ने अपने शास्त्र प्रवचनों से श्रद्धालुओं को धर्मलाभ प्रदान किया। रात्रि 8 बजे से ऑर्केस्ट्रा पार्टी के साथ भव्य भजन संध्या आयोजित हुई, जिसमें गायक कलाकारों विशाल जैन, कुलदीप जैन, दिव्यांशी जैन, सैफाली जैन, राशि जैन एवं नमन जैन के मधुर भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे, जिसके उपरांत सभी को प्रभावना वितरित की गई।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में श्री सिद्धचक्र विधान के पुण्यार्जक परिवार से अशोक कुमार जैन (बर्तन वाले), मंदिर समिति के अध्यक्ष अभय जैन, मंत्री सुशील कुमार जैन, अशोक जैन, मुकेश जैन एवं समस्त प्रबंधकारिणी के साथ नवग्रह युवक मंडल के अध्यक्ष संदेश जैन, मंत्री अभिषेक जैन, मयंक जैन, प्रवीन जैन, सौरभ जैन, रोहित जैन, संतोष जैन, मीडिया प्रभारी लक्की जैन, रीतेश जैन, धर्म जैन, गौरव जैन, अमित जैन, उदित जैन सहित समस्त युवा साथियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में शाश्वत महिला मंडल की अध्यक्षा कुंती जैन, मंत्री माया जैन, सुनीता जैन, रिंकी जैन, रचना जैन तथा वधू मंडल सेक्टर-4बी की पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय समाजजन उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

सैंया। खेरागढ़- सैयां मार्ग पर अयेला नहर के पास रविवार शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी सैंया में प्राथमिक उपचार के बाद एसएन अस्पताल आगरा रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, धाना अयेला निवासी कालीचरन पुत्र विपतीराम रविवार शाम करीब 8 बजे बाइक से खेरागढ़ की ओर से अपने गांव लौट रहे थे। अयेला नहर के पास पहुंचते ही एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल कालीचरन को उपचार के लिए सीएचसी सैंया लेकर गए। वहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार देने के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए एसएन अस्पताल आगरा रेफर कर दिया।

राज्य स्तर पर जम्प बॉल खिलाड़ियों की तैयारियों को लेकर जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता शुरू

टीएनएफ टुडे, सैंया।

- हर्ष एकेडमी, सैंया में आयोजित हो रही खेल स्पर्धा
- 24 नवंबर को चयनित खिलाड़ियों का सम्मान समारोह

राज्य स्तरीय जम्पबॉल प्रतियोगिता में आगरा जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के चयन के उद्देश्य से हर्ष एकेडमी, सैंया में जिला स्तरीय खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर खेलने के लिए चयनित किया जाएगा।

हर्ष एकेडमी के डायरेक्टर नितिन कुमार जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि जम्प बॉल खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें राज्य स्तर पर खेलने का अवसर प्रदान करने के लिए इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें आगे खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ियों के सम्मान में 24 नवंबर को सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर उनकी खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित किया जाएगा।

बल्केश्वर पार्वती घाट पर देव दीपावली पर जगमगाई यमुना, महिलाओं ने किया दीपदान

टीएनएफ टुडे, आगरा।



वैकुंठ चतुर्दशी के पावन अवसर पर पार्वती घाट, बल्केश्वर पर देव दीपावली उत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने यमुना तट पर दीपदान कर भगवान विष्णु की आराधना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं लोककल्याण की कामना की।संध्या होते ही घाट पर दीपों की मनमोहक आभा से यमुना तट आलोकित हो उठा। सैकड़ों दीपक यमुना की लहरों पर तैरते हुए ऐसे लग रहे थे, जैसे आकाश के तारे धरती पर उतर आए हों। पूरा वातावरण भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर हो गया।श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन के बीच दीप अर्पित कर वैकुंठ चतुर्दशी का पुण्य पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया।

महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर पूजा-अर्चना की और यमुना मैया को पुष्प, अक्षत और दीप अर्पित किए। इस दौरान घाट पर भजन मंडलियों द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि वैकुंठ चतुर्दशी पर दीपदान का विशेष महत्व है। इस दिन दीपदान करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

विद्युत आपूर्ति साढ़े चार घंटे रहेगी बाधित

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

133 केवी उपकेंद्र जगराजपुर से पोषित 33 केवी उपकेंद्र वाजिदपुर की लाइन पर मंगलवार को निर्माण कार्य किया जाएगा। विद्युत उपखंड अधिकारी फतेहाबाद ने बताया कि इस कार्य के चलते मंगलवार सुबह 9:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक 33 केवी वाजिदपुर, बेहड़ी तथा मुरावल फीडर से पोषित गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से इस दौरान धैर्य बनाए रखने और सहयोग करने की अपील की है।

TNF TODAY

टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday tnftoday

www.tnftoday.com / epaper

मत्स्य पालकों के लिए खुशखबरी

आगरा में मछली मंडी की स्थापना का प्रस्ताव शासन के संज्ञान में, विश्व मात्स्यिकी दिवस पर सजी मंडलीय संगोष्ठी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर सोमवार को संजय प्लेस स्थित विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक मंडलीय मत्स्य सहकारी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रातः 11:00 बजे से शुरू हुई इस संगोष्ठी में मत्स्य कृषकों को विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने मछली पालन को किसानों की आय दोगुनी करने का एक सशक्त माध्यम बताते हुए उन्हें मत्स्य विभाग की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।



संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मंडलीय उप निदेशक मत्स्य, आगरा ने सहकारिता के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि अब मत्स्य जीवी सहकारी समितियां बहुउद्देश्यीय मत्स्य समिति बन गई हैं, इसलिए सभी पालक 1010 रुपये जमा कर सहकारी संघ की सदस्यता अवश्य प्राप्त करें ताकि बैंकों के माध्यम से आर्थिक सहायता मिल सके। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जनपद आगरा में एक आधुनिक मछली मंडी की स्थापना कराने का प्रस्ताव सरकार के संज्ञान में है, जिसके धरातल पर उतरने से मत्स्य पालकों को अपनी उपज का उचित और बेहतर मूल्य मिल सकेगा। इस दौरान अग्रणी बैंक प्रबंधक ने आश्वस्त किया कि सिबिल स्कोर अच्छा होने पर मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड समयबद्ध तरीके से प्रदान किए जाएंगे।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सहायक निदेशक मत्स्य किशन शर्मा ने उत्पादन बढ़ाने के तकनीकी पहलुओं पर जानकारी देते हुए तालाबों में उच्च गुणवत्ता वाले मत्स्य बीज और मानक के अनुसार फिंगरलिंग संचित करने तथा मत्स्य पालन से पूर्व मिट्टी व पानी की जांच कराने की सलाह दी। संगोष्ठी के दौरान मत्स्य कृषकों की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही निस्तारण भी किया गया। अंत में सहायक निदेशक मत्स्य, आगरा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जनपद स्तरीय अधिकारियों सहित विभिन्न समितियों के अध्यक्ष, सचिव और बड़ी संख्या में मत्स्य पालक उपस्थित रहे।

दिव्यांगजनों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

30 नवंबर को लगेगा निःशुल्क रोजगार मेला, 10वीं पास युवा भी पा सकेंगे नौकरी

- टेलीकॉलर, ऑपरेशंस एग्जीक्यूटिव, अकाउंट पेबल और बैकएंड एग्जीक्यूटिव समेत कई पदों पर निजी कंपनियां करेंगी सीधी भर्ती

टीएनएफ टुडे, आगरा।

दिव्यांग अभ्यर्थियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं सेवायोजन विभाग द्वारा एक विशेष पहल की जा रही है। सहायक निदेशक सेवायोजन चंद्रचूड़ दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, आगरा तथा अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 30 नवंबर 2026 को एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला एम.जी. रोड स्थित सांई का तकिया चौराहा के पास क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक आयोजित होगा।



इस विशेष रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित नियोजकों और कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें टेलीकलेक्शन एग्जीक्यूटिव, टेलीकॉलर, ऑपरेशंस एग्जीक्यूटिव, रिन्यूअल एडवाइजर, सपोर्ट एग्जीक्यूटिव, पिकर-पैकर, अकाउंट पेबल, बैकएंड एग्जीक्यूटिव एवं टीम मेंबर आदि प्रमुख पद शामिल हैं। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन ऑफलाइन और ऑनलाइन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।

विभाग द्वारा निर्धारित पात्रता के अनुसार, इस दिव्यांग रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा न्यूनतम शैक्षिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। इच्छुक दिव्यांग अभ्यर्थी निर्धारित तिथि और समय पर अपने समस्त मूल शैक्षिक अभिलेखों और आवश्यक प्रमाणपत्रों की छायाप्रतियों के साथ सीधे मेले में पहुंचकर साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

मतदाता जोड़ो अभियान को धार देने मैदान में उतरीं बाह विधायक रानी पक्षालिका सिंह

शक्ति केंद्र कोरथ के बूथों का किया निरीक्षण



टीएनएफ टुडे, आगरा।

मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ह्यमतदाता जोड़ो अभियानह्न के अंतर्गत बाह विधानसभा क्षेत्र की विधायक रानी पक्षालिका सिंह ने सोमवार को ब्लॉक जैतपुरकलां स्थित शक्ति केंद्र कोरथ के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ मतदाता सूचियों का बारीकी से अवलोकन किया और नए एवं पात्र मतदाताओं के फॉर्म-6 भरने की प्रक्रिया सहित पूरे अभियान की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि क्षेत्र का कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने से वंचित न रहे।

इस अवसर पर विधायक रानी पक्षालिका सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की असली मजबूती जागरूक और सक्रिय नागरिकों की भागीदारी में निहित है, इसलिए यह हम सभी का सामूहिक प्रयास होना चाहिए कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि वे घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक पात्र युवाओं और छूटे हुए नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने में अपना योगदान दें, ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हुए एक सशक्त और समावेशी व्यवस्था का निर्माण किया जा सके।

गजब लापरवाही: राज्य कर विभाग का संग्रह अमीन 18 साल से लापता

आगरा। राज्य कर विभाग में तैनात संग्रह अमीन धर्मप्रकाश पिछले 18 वर्षों से बिना किसी सूचना के लगातार ड्यूटी से लापता चल रहे हैं। कर्मचारी आचरण नियमावली के इस स्पष्ट उल्लंघन पर कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य कर विभाग ने उन्हें अंतिम नोटिस जारी कर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का आखिरी अवसर दिया है। विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, धर्मप्रकाश की नियुक्ति 1 फरवरी 1992 को संग्रह अमीन के पद पर हुई थी और उन्होंने अंतिम बार फरवरी 2008 में वेतन आहरित किया था, जिसके बाद से उनकी कोई उपस्थिति दर्ज नहीं है।

विभाग ने इससे पूर्व 4 नवंबर 2026 को नोटिस जारी कर उन्हें 10 नवंबर 2026 को कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए थे, लेकिन सेवा पुस्तिका में दर्ज उनके पते नगला खेरिया (कमाल खां) पर वह नहीं मिले। अब सहायक आयुक्त, राज्य कर खंड-3, आगरा द्वारा अंतिम नोटिस जारी कर निर्देशित किया गया है कि धर्मप्रकाश आगामी 25 नवंबर 2026 को सुबह 11 बजे अथवा इससे पूर्व किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय अवधि (सुबह 10 से शाम 5 बजे के बीच) जयपुर हाउस स्थित राज्य कर भवन न्यू बिल्डिंग के द्वितीय तल पर कमरा नंबर-14 में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर तथ्यों सहित अपना पक्ष रखें।

सहायक आयुक्त राज्य कर खंड-3 ने स्पष्ट किया है कि विभाग से बिना पूर्व सूचना के निरंतर अनुपस्थित रहना कर्मचारी आचरण नियमावली के विरुद्ध है। यदि निर्धारित तिथि और समय तक धर्मप्रकाश कार्यालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण नहीं देते हैं, तो यह मान लिया जाएगा कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और उनके विरुद्ध की जाने वाली किसी भी कठोर विभागीय कार्रवाई के लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे।

विज्ञान और आध्यात्म के रहस्यों से पर्दा उठाएगी करणी माता पर आधारित फिल्म देवी विज्ञानम

फतेहाबाद रोड पन्ना पैराडाइज होटल में किया पोस्टर का विमोचन



टीएनएफ टुडे, आगरा।

विज्ञान, आध्यात्म और मानवीय आस्था के बीच के संबंधों को दशार्ती फि ल्म देवी विज्ञानम के पोस्टर का विमोचन फतेहाबाद रोड स्थित होटल पन्ना पैराडाइज में किया गया। को-प्रोड्यूसर मोहित शर्मा और भरत शर्मा ने बताया कि फि ल्म की कहानी एक ऐसे नास्तिक व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका विज्ञान और तर्क पर अटूट विश्वास है लेकिन जीवन में घटने वाली कुछ रहस्यमयी घटनाएं उसके विचारों को चुनौती देती हैं। इन घटनाओं के बीच वह मां करणी की दिव्य शक्ति को जानने और समझने की असाधारण यात्रा पर निकल पड़ता है। इस दौरान उसके जीवन, विश्वास और दुनिया को देखने का नजरिया पूरी तरह बदलने लगता है।

कार्यक्रम संयोजक प्रांजल भारद्वाज ने बताया कि फिल्म में आस्था, रिश्तों और जीवन के रहस्यों को खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया है। कहानी ऐसे व्यक्ति की है, जो हमेशा ईश्वर के अस्तित्व पर सवाल उठाता रहा है, लेकिन कुछ अनुभव उसे अपनी मान्यताओं पर दोबारा विचार करने के लिए मजबूर कर देते हैं। फिल्म का निर्देशन कर्तव्य शाह ने किया है, जबकि इसका निर्माण किंग प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले किया गया है। फिल्म की कहानी पृथ्वी पटेल ने लिखी है। इस अवसर पर रविकांत दुबेश, बाबू गप्पी, चेतन अरोड़ा, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, ब्रजमोहन अरोड़ा, मनीष उपाध्याय, देवेन्द्र वर्मा, मोहित शर्मा पलीया, अंजुम भाई आदि मौजूद रहे।

न्यायालय के आदेश पर पत्थरबंदी करने पहुंची राजस्व टीम से अभद्रता,एसडीएम ने कार्रवाही को दिए आदेश

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

तहसील फतेहाबाद के गांव नगला मावई में न्यायालय के आदेश पर पत्थरबंदी की कार्रवाई करने पहुंची राजस्व टीम का विपक्षियों ने विरोध कर दिया। आरोप है कि विपक्षियों ने राजस्व निरीक्षक के हाथ से पत्रावली छीनकर फाड़ने का प्रयास किया और गाली-गलौज करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली। मामले में एसडीएम स्वाति शर्मा ने थाना प्रभारी फतेहाबाद को पत्र भेजकर आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने और मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

एसडीएम फतेहाबाद स्वाति शर्मा ओर से भेजे गए पत्र के अनुसार, गांव नगला मावई में गाटा संख्या 964, 963 और 962, प्रत्येक का रकबा 0.0850 हेक्टेयर है। इन गाटों पर उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 24 के तहत उपजिलाधिकारी न्यायालय से 20 अगस्त 2025 को पत्थरबंदी की कार्रवाई का आदेश पारित हुआ था। उपजिलाधिकारी न्यायालय से पारित आदेश के अनुपालन में क्षेत्रीय लेखपाल के साथ राजस्व निरीक्षक 29 अक्टूबर मौके पर पहुंचे थे। आरोप है कि कार्रवाई शुरू होते ही विपक्षी वीरमान पुत्र स्व. कप्तान सिंह और रामकेश पुत्र वीरमान निवासी कुतकपुर गूजर ने विरोध शुरू कर दिया। आरोप है कि वीरमान ने राजस्व निरीक्षक के हाथ से धारा 24 की पत्रावली छीन ली और उसे फाड़ने लगा। पत्रावली का कवर फटने के बाद उसने फीता फेंक दिया। इसके बाद दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध के चलते मौके पर पत्थरबंदी और कब्जा दखल की कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी। वहीं तहसीलदार फतेहाबाद शिखर मिश्रा ने नवंबर को उपजिलाधिकारी फतेहाबाद को आरोपियों के खिलाफ आख्या दी। एसडीएम स्वाति शर्मा ने सोमवार को थाना प्रभारी फतेहाबाद को आरोपियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और गाली-गलौज के आरोप में नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही न्यायालय के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने और मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा है, ताकि पत्थरबंदी की कार्रवाई पूरी कराई जा सके।

बल्केश्वर में गुंडागर्दी और चौथ वसूली के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

टीएनएफ टुडे, आगरा।



- मनोज अग्रवाल की गिरफ्तारी की मांग, पार्षद ने दी मानहानि के मुकदमे की चेतावनी
- चाट विक्रेता ने लगाए 70 हजार रुपये मांगने और मकान तुड़वाने की धमकी देने के आरोप, गिर्राज बंसल ने समाजसेवा के दावों पर साधा निशाना

बल्केश्वर क्षेत्र की अग्रसेन वाटिका में आयोजित एकजुटता प्रदर्शन और प्रेस वार्ता के दौरान सामाजिक संगठनों, व्यापारियों तथा स्थानीय नागरिकों ने मनोज अग्रवाल पर चौथ वसूली और ब्लैकमेलिंग समेत कई गंभीर आरोप लगाते हुए उनकी गिरफ्तारी तथा दर्ज मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने एकजुटता दिखाते हुए क्षेत्र में चौथ वसूली और गुंडागर्दी न होने देने का संकल्प लिया। इस दौरान पार्षद हरिओम गोयल बाबा ने आरोप लगाया कि मनोज अग्रवाल पर कमला नगर थाने में हिस्ट्रीशीटर होने और कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं तथा हाल ही में एक विक्रेता से 50 हजार रुपये की चौथ मांगने के मामले में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करते हुए पार्षद हरिओम बाबा ने कहा कि यदि बेबुनियाद आरोप सिद्ध नहीं किए गए तो वे मानहानि का मुकदमा करेंगे और अपने बेटे पर गोली चलाने के आरोप को भी साबित करने की चुनौती दी।

प्रेस वार्ता में बल्केश्वर निवासी चाट विक्रेता राम खिलाड़ी ने आरोप लगाया कि मनोहरपुर में मकान निर्माण के दौरान मनोज अग्रवाल ने फोन कर एडीए का काम संभालने का दावा करते हुए 20 हजार रुपये अपनी फीस और 50 हजार रुपये एडीए के नाम पर मांगे, जिसके मना करने पर मकान तुड़वाने व सील लगवाने की धमकी दी गई। उन्होंने बताया कि इसी प्रकरण में कमला नगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है और पार्षद हरिओम बाबा पर पैसे लेने का आरोप पूरी तरह निराधार है। वहीं पूर्व पार्षद डॉ. कुंदनिका शर्मा, ताराचंद मित्तल तोती भाई, महेश निषाद और पवन बंसल ने क्षेत्र में किसी भी तरह की गुंडागर्दी बर्दाश्त न करने की बात कहते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की।

भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गिर्राज बंसल ने भी मनोज अग्रवाल के समाजसेवक व महासभा के प्रदेश अध्यक्ष होने के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्षेत्र किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि वहां रहने वाले हर नागरिक, व्यापारी और उद्यमी का है तथा जो अपने परिवार को साथ नहीं रख पाया वह समाज का ठेकेदार नहीं हो सकता। उन्होंने जमींदारी के दावों को भी खारिज करते हुए कहा कि समाज की ठेकेदारी करने वाला व्यक्ति समाज का हितैषी नहीं हो सकता। इस प्रदर्शन व प्रेस वार्ता में बबली सिंघल, ब्रह्मा गुप्ता, श्याम सुंदर अग्रवाल, कृष्ण मुरारी अग्रवाल बल्ले भाई, सचिन अग्रवाल, हरीश अग्रवाल जुगनू भाई, जोगिंदर शुक्ला, नीरज अग्रवाल, हनी मित्तल, कपिल अग्रवाल, अमर सिंह, विजय अरोड़ा, पंकज गुप्ता, राकेश त्यागी, महेंद्र शाक्य, अनुज गोयल, लक्ष्मी नारायण निषाद और महेश राठौर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक व पदाधिकारी मौजूद रहे।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 पर प्रशासन का फोकस

25 नवंबर को राजनीतिक दलों के साथ डीएम मनीष बंसल करेंगे अहम बैठक

टीएनएफ टुडे, आगरा।

- कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11:30 बजे आयोजित होगी जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक

अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर चल रहे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां और तेज कर दी हैं। अपर जिलाधिकारी (नगर) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी यमुनाधर चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों का कार्यक्रम तय किया गया है। इसके तहत आगामी 25 नवंबर 2026 को प्रातः 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी।

प्रशासन द्वारा जारी निदेर्शों के क्रम में जनपद स्तर की इस बैठक से ठीक एक दिन पूर्व यानी 24 नवंबर 2026 को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) द्वारा भी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें संपन्न की जाएंगी। जनपद स्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष, जिला मंत्री, शहर अध्यक्ष और सचिवों को आमंत्रित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

टीएनएफ टुडे मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।

संपादक: धीरज शर्मा, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com

पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

सम्पादकीय

मीम्स की बाढ़ और बड़बोलेपन का डिजिटल मेला

आज के डिजिटल दौर में सोशल मीडिया ऐसा खुला अखाड़ा बन चुका है जहां बिना किसी जिम्मेदारी और बिना किसी संकोच के कुछ भी अनाप-शनाप बोल देना सबसे आसान और सबसे लोकप्रिय शगल बन गया है। सुबह आंख खुलते ही स्क्रीन पर उमड़ने वाली मीम्स की बाढ़ यह दिखाती है कि अब संवेदनशीलता, तथ्यों की जांच और मयार्दा की जगह केवल दो सेकंड की वायरल हंसी और सस्ती तालियों ने ले ली है। विडंबना यह है कि आज का हर डिजिटल पहलवान खुद को बड़ा व्यंग्यकार और महाज्ञानी समझता है भले ही उसे उस विषय की बुनियादी जानकारी का क ख ग भी पता न हो। अभी हाल ही में सोशल मीडिया अकाउंट पर पाबंदी के विवादों से लेकर सड़कों पर हुए प्रदर्शनों और बयानों की बौछारों तक हर गंभीर बहस को कुछ ही घंटों में मीम्स और जुमलों की भेंट चढ़ा दिया गया। वैश्विक टेक जगत की सुर्खियों से लेकर खेल के मैदान और सियासी गलियारों के तनाव तक हर घटना को इस तरह पेश किया जाता है मानो पूरा संसार किसी सर्कस का तमाशा हो। इस बड़बोलेपन की सबसे बड़ी कीमत समाज के उस विवेक को चुकानी पड़ रही है जो किसी मुद्दे की गहराई में जाकर सच और झूठ का फर्क समझने की कोशिश करता है। जब हर कोई बिना सोचे-समझे कुछ भी लिखने और करने को अभिव्यक्ति की आजादी मान बैठता है तो असली संवाद की जगह शोर, तंज और हल्कापन ले लेता है। मीम्स की इस अराजक दुनिया में एक पल की हंसी के बदले हम अपनी भाषा की गरिमा, सोच की गंभीरता और समाज के आपसी विश्वास को धीरे-धीरे दांव पर लगा रहे हैं। अगर यह सिलसिला इसी तरह चलता रहा तो आने वाले समय में हर गंभीर संकट और हर बड़े सवाल का जवाब केवल एक व्यंग्यात्मक मीम बनकर रह जाएगा और समाज के भीतर संवेदना की जमीन सूख जाएगी।

मुर्दा औरत घर लौट आई, पति जेल में सड़ता रहा! वाह री पुलिस!

बृज खंडेलवाल

जरा इस अजीब मंजर की कल्पना कीजिए। जिस औरत को पुलिस ने मरा हुआ घोषित कर दिया था, वह अचानक अपने घर लौट आती है। लेकिन उसका पति सात साल से जेल की सलाखों के पीछे सड़ रहा है। पुलिस ने एक कंकाल को उसकी पत्नी का बता दिया, पति से जुर्म कबूल करा लिया और मामला खत्म समझ लिया। बस, एक छोटी-सी बात भूल गई। औरत मरी ही नहीं थी। वह जिंदा थी!

वाह रे पुलिसिया तफ्तीश! मुर्दे घर लौट सकते हैं, लेकिन बेगुनाह इंसान जेल से बाहर नहीं आ पाते!

मैसूर की यह हैरतअंगेज घटना महज पुलिस की लापरवाही नहीं है। यह पुलिस और न्याय व्यवस्था, दोनों के लिए शर्मनाक सवाल है। बिना पुख्ता सबूत एक कंकाल की पहचान कैसे हो गई? कथित तौर पर यातना देकर हत्या का जुर्म कबूल कैसे कराया गया? अदालतों ने सात साल तक इस मामले की तह तक जाने की जरूरत क्यों नहीं समझी?

मैसूर का एक दूसरा मामला भी कम चौंकाने वाला नहीं है।

राजेश ने एक परेशान महिला मंजू को घर फोन करने के लिए अपना मोबाइल दिया था। दो साल बाद उसके पिता ने राजेश पर मंजू की हत्या का इल्जाम लगा दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और कथित तौर पर यातनाएं देकर हत्या का जुर्म कबूल करा लिया। हत्या का कोई पुख्ता सबूत नहीं था, फिर भी वह जेल में रहा। आखिरकार हाईकोर्ट के हस्तक्षेप से उसे जमानत मिली।

दो मामले, दो बेगुनाह और दो जिंदगी बर्बाद करने वाली पुलिसिया कहानियां। सवाल है, ऐसे कितने और लोगों की जिंदगी तबाह होगी?

समस्या सिर्फ कुछ बिगड़े हुए पुलिसवालों तक सीमित नहीं है। भारत की पुलिस व्यवस्था आज भी अंग्रेजों की गुलामी वाली मानसिकता से पूरी तरह मुक्त नहीं हुई है। उसका मूल ढांचा जनता की खिदमत के लिए नहीं, बल्कि हुकूमत का दबदबा कायम रखने के लिए बनाया गया था।

1857 के विद्रोह के बाद अंग्रेजों ने 1861 में पुलिस कानून बनाया। मकसद साफ था। जनता पर



मैसूर की एक अजीबोगरीब घटना ने पुलिस और न्याय व्यवस्था की पोल खोल दी। जिस औरत की हत्या के इल्जाम में पति सात साल जेल में रहा, वह जिंदा निकली! आखिर रक्षक ही भक्षक बन जाएं तो इंसाफ की गुहार कौन सुनेगा?

लगाम लगाओ और अंग्रेजी राज की हिफाजत करो। आजादी के बाद सरकारें बदल गईं, लेकिन पुलिस की औपनिवेशिक सोच काफी हद तक कायम रही।

सामाजिक कार्यकर्ता पद्मिनी अय्यर कहती हैं, "आज भी आम आदमी थाने जाने से पहले सौ बार सोचता है। उसे मदद से ज्यादा जिल्लत और परेशानी का डर सताता है। हिरासत में मारपीट, जबरन इकबालिया बयान, मनमानी गिरफ्तारियां और कमजोर तफ्तीश पुलिस पर भरोसा तोड़ती हैं। मारपीट से हासिल किया गया कबूलनामा बेगुनाही या गुनाह का सबूत नहीं, बल्कि पुलिसिया ज्यादती का प्रमाण है। मगर मेहनत से जांच करने के बजाय शॉर्टकट अपनाना आसान लगता है।"

ऐसा क्यों होता है? इसकी एक बड़ी वजह सियासत है।

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता, अंकुर खंडेलवाल बताते हैं, पुलिस में तबादले और तैनातियां कई बार राजनीतिक रसूख का खेल बन जाती हैं। पैसा, जातीय समीकरण और नेताओं से नजदीकी अफसरों के करियर को प्रभावित करते हैं। कुछ अधिकारी मलाईदार पद पाने के लिए सियासी आकाओं की परिक्रमा करते हैं। बदले में नेताओं को वफादारी चाहिए। संविधान के बजाय अगर पुलिस नेताओं के इशारे पर चलेगी, तो खामियाजा आम जनता भुगतेगी।

पुलिस की अपनी परेशानियां भी हैं। थानों में स्टाफ की कमी है। फॉरेंसिक सुविधाएं कमजोर हैं। आधुनिक प्रशिक्षण और संसाधनों का अभाव है। लेकिन ये कमियां किसी को पीटने या झूठा कबूलनामा बनवाने का लाइसेंस नहीं देतीं।

सुप्रीम कोर्ट ने 2006 में प्रकाश सिंह मामले में पुलिस सुधार के लिए ऐतिहासिक निर्देश दिए थे। इनमें अफसरों का निश्चित कार्यकाल, कामकाज में स्वायत्तता, स्वतंत्र पुलिस शिकायत प्राधिकरण और जांच को कानून-व्यवस्था के काम से अलग करना शामिल था। सोशल एक्टिविस्ट नेत्र पाल कहते हैं, करीब दो दशक बीत गए। अमल आज भी अधूरा है। सरकारें घोषणाएं करती हैं, समितियां रिपोर्ट देती हैं और फाइलें धूल फांकती रहती हैं। राजनीतिक नियंत्रण छोड़ने को कोई तैयार नहीं। भारत को नया पुलिस कानून चाहिए। हिरासत में यातना की शिकायतों की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। पुलिस शिकायत प्राधिकरण को असली अधिकार और संसाधन मिलें। तबादले नेताओं की मर्जी से नहीं, पारदर्शी नियमों से हों।

जांच में विज्ञान और तकनीक का इस्तेमाल बढ़े। फॉरेंसिक प्रयोगशालाएं मजबूत हों। बॉडी कैमरे और डिजिटल रिकॉर्ड जवाबदेही बढ़ाएं। पुलिस प्रशिक्षण में इंसानियत, संवैधानिक अधिकार और संवेदनशीलता को जगह मिले। तरक्की ईमानदारी और काबिलियत पर हो, सियासी वफादारी पर नहीं।

न्यायपालिका को भी आत्ममंथन करना होगा। जब कथित मृत महिला जिंदा है, तो उसका पति सात साल जेल में कैसे रहा? यातना से हासिल कबूलनामा अदालत की कसौटी पर कैसे टिक गया? अदालतों का काम पुलिस की कहानी पर मुहर लगाना नहीं, सच और सबूत की पड़ताल करना है।

समझ नहीं आता मानवाधिकार संगठन, छात्र और राजनीतिक दल इतने खामोश क्यों हैं? क्या बेगुनाह की बबार्दी अब मामूली खबर बनकर रह गई है?

खतरा सिर्फ दो गलत गिरफ्तारियों का नहीं है। जब जनता का पुलिस और अदालतों से भरोसा उठता है, तो लोग खुद इंसाफ करने निकल पड़ते हैं। कानून की जगह बदला और इंसाफ की जगह भीड़ का फैसला लेने लगता है। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।

पब्लिक कमेंटेटर प्रोफ पारस नाथ चौधरी कहते हैं, "वर्दी जुल्म करने का लाइसेंस नहीं, जनता की अमानत है। सवाल अब यह नहीं कि अपराधियों से हमें कौन बचाएगा। असली सवाल है, जब रखवाले ही भक्षक बन जाएं, तो हमें कौन बचाएगा?"

पुलिस सुधार कीजिए। जनता का भरोसा लौटाइए। इससे पहले कि और बेगुनाह जेलों में जिंदा दफन हो जाएं और मुर्दे घर लौटते रहें!

अनसुने प्रसंग- क्षेपक कथा

झूठे बेरों के प्रेम की पवित्रता शास्त्रों और नियमों से भी ऊपर होती है

महर्षि वाल्मीकि के रामायण के अरण्यकांड और विभिन्न पुराणों के अत्यंत दुर्लभ तथा मार्मिक अध्यायों में दंडकारण्य वन के पावन आश्रम से जुड़ा यह अनोखा प्रसंग भगवान श्रीराम की सहज करुणा और भक्त के निश्छल प्रेम के उस गुप्त सत्य को उजागर करता है जिसे बहुत कम लोग जानते हैं।

जब भगवान श्रीराम और लक्ष्मण माता सीता की खोज करते हुए शबरी के आश्रम में पहुँचे तो वृद्ध शबरी अपने आराध्य को सामने देखकर भावविभोर हो गई और उनके स्वागत के लिए वन से मीठे बेर चुनकर ले आई।

शबरी को यह गहरी चिंता सता रही थी कि कहीं कोई खट्टा या कड़वा बेर भगवान श्रीराम के मुख में न चला जाए इसलिए वह प्रत्येक बेर को पहले स्वयं चखती थी और जो बेर अत्यंत मधुर होता था उसे ही अलग रखती थी।

जब उसने वे चखे हुए बेर भगवान श्रीराम को अर्पित किए तो लक्ष्मण के मन में यह संकोच उत्पन्न हुआ कि जूठे फल अर्पित करना मयार्दा के विरुद्ध है और इससे प्रभु का अपमान हो सकता है।

भगवान श्रीराम ने लक्ष्मण के संकोच को शांत करते हुए अत्यंत प्रेम और आनंद के साथ उन बेरों को ग्रहण किया और कहा कि शबरी के भाव में जो शुद्धता और समर्पण है वह किसी राजसी भोग में भी दुर्लभ है।

प्रभु के मुख से यह दिव्य वचन सुनकर शबरी की आंखों से अश्रुधारा बह निकली और उसे यह अनुभूति हुई कि ईश्वर को बाहरी विधि-विधान से अधिक हृदय की निर्मलता भाती है।

यह भी माना जाता है कि उस क्षण भगवान श्रीराम ने यह स्पष्ट कर दिया कि भक्ति में संकोच या ऊंच-नीच का कोई स्थान नहीं होता बल्कि सच्ची श्रद्धा ही परमात्मा को खींच लाती है।

यह पावन और अनसुना प्रसंग हमें यह अमर सीख देता है कि जीवन में सच्चा मूल्य पद प्रतिष्ठा या औपचारिकता का नहीं बल्कि दूसरों के प्रति निःस्वार्थ प्रेम और समर्पण के पवित्र भाव का होता है।

देव दीपावली : देवताओं का अवतरण नहीं, मनुष्यता का देवत्व में आरोहण

डॉ. दीपक गोस्वामी

मंगलमय कार्तिक पूर्णिमा है। आकाश में पूर्ण चंद्रमा है, धरती पर दीपों की पंक्तियाँ हैं, गंगा की लहरों पर प्रकाश की स्वर्णिम आभा है और काशी के घाटों पर मानो आस्था ने स्वयं अपने हाथों से प्रकाश का महाकाव्य लिख दिया है।

यह केवल दीप जलाने का पर्व नहीं है। यह अंधकार से प्रकाश की ओर, अहंकार से समर्पण की ओर, स्वार्थ से परमार्थ की ओर और मनुष्य से महामानव बनने की यात्रा का महापर्व है।

दीपावली पर हम अपने घरों को सजाते हैं, देव दीपावली पर काशी के घाटों को दीपों से सजाया जाता है। दीपावली अमावस्या की रात्रि में आती है और देव दीपावली कार्तिक पूर्णिमा की चंद्रप्रकाशित रात्रि में। एक पर्व घर-आँगन को प्रकाशित करता है, दूसरा हमें संपूर्ण सृष्टि के प्रति अपने उत्तरदायित्व का स्मरण कराता है।

लोकमान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा को देवता काशी में आकर गंगा के तट पर दीपोत्सव मनाते हैं। कल्पना कीजिए, जब धरती पर लाखों दीप प्रज्वलित होते हैं, तब प्रत्येक दीप मानो आकाश से उतरा हुआ एक तारा बन जाता है। एक दीप आशा है, दूसरा विश्वास, तीसरा करुणा और चौथा मानवता।

लेकिन प्रश्न है कि देवता कहाँ रहते हैं?

क्या वे केवल मंदिरों के गर्भगृह में हैं? क्या वे केवल स्वर्णमंडित सिंहासनों पर विराजते हैं? क्या उन्हें केवल मंत्रों और अनुष्ठानों में खोजा जा सकता है?

नहीं! देवत्व की अनुभूति वहाँ भी होती है, जहाँ एक बेटा अपनी वृद्ध माँ का हाथ थामता है, जहाँ किसान अपनी मेहनत की कमाई से दीप जलाता है, जहाँ कोई अपरिचित व्यक्ति दूसरे अपरिचित को घाट की सीढ़ियाँ उतरने में सहारा देता है, जहाँ किसी भूखे को भोजन मिलता है और किसी निराश मनुष्य को जीने की नई आशा मिलती है।

केवल पूजे नहीं जाते, देवत्व अपने आचरण से प्रकट भी किया जाता है।

यही देव दीपावली का सबसे बड़ा मानवीय दर्शन है।

त्रिपुरासुर का वध : बाहर के राक्षस से भीतर के अंधकार तक

शिवपुराण सहित पौराणिक परंपराओं में त्रिपुरासुर और भगवान शिव के त्रिपुरांतक स्वरूप का अत्यंत महत्वपूर्ण आख्यान मिलता है।

कथा के अनुसार तारकासुर के तीन पुत्रों ने तीन दुर्गों का निर्माण कराया। ये तीनों नगर सोने, चाँदी और लोहे से निर्मित बताए गए हैं। उन्हें वरदान प्राप्त था कि एक विशेष अवसर पर जब तीनों नगर एक सीध में आएँगे, तभी उनका विनाश संभव होगा।

उनके अत्याचारों से त्रस्त देवताओं ने भगवान शिव की शरण ली। तब भगवान शिव ने एक ही बाण से तीनों पुरों का विनाश किया। इसी विजय की स्मृति में देवताओं द्वारा दीपोत्सव मनाए जाने की मान्यता देव दीपावली से जुड़ी है।

लेकिन इस कथा का एक और पक्ष है, जिसे अपने जीवन में उतारना आवश्यक है।

हमारे भीतर भी तीन दुर्ग खड़े हैं।

पहला दुर्ग है अहंकार का। मैं ही श्रेष्ठ हूँ, मेरी बात ही अंतिम है, मेरी प्रतिष्ठा ही सबसे महत्वपूर्ण है।

दूसरा दुर्ग है क्रोध का। जिसने मेरा विरोध किया, मैं उसे क्षमा नहीं करूँगा। जिसने मुझे दुख दिया, उसे भी दुख दूँगा।

तीसरा दुर्ग है लोभ का। जितना मिला, उससे संतोष नहीं। जितना प्राप्त हुआ, उससे अधिक पाने की निरंतर भूख।

इन तीनों दुर्गों के भीतर मनुष्य अपनी ही चेतना को बंदी बना लेता है।

जब विवेक का बाण अहंकार को भेदता है, करुणा का प्रकाश क्रोध को शांत करता है और संतोष का भाव लोभ को पराजित करता है, तभी वास्तविक त्रिपुरांतक भीतर प्रकट होता है।

जिस दिन मनुष्य अपने भीतर के तीन पुरों को जीत लेगा, उसी दिन उसके जीवन में वास्तविक देव दीपावली होगी।

गंगा : नदी नहीं, सभ्यता की जीवंत चेतना

काशी की आत्मा गंगा हैं।

गंगा को केवल जलधारा समझना भारतीय संस्कृति की विराट अनुभूति को सीमित कर देना है। वह करोड़ों लोगों की आस्था, जीवन, आजीविका, स्मृति और सभ्यता की संवाहिका हैं।

हिमालय से निकलकर मैदानों को सींचती हुई गंगा मनुष्य को एक महान संदेश देती हैं।

ऊँचाई से निकलकर भी उनका प्रवाह नीचे की ओर होता है। वे अपने जल को अपने तक सीमित नहीं रखतीं। खेतों को देती हैं, नगरों को देती हैं, वनस्पतियों को जीवन देती हैं और असंख्य जीवों की प्यास बुझाती हैं।

यही तो महानता है!

जो जितना बड़ा होता है, उसका दायित्व उतना ही व्यापक होता है।

गंगा से हमें लेना ही नहीं, उन्हें स्वच्छ और अविरल बनाए रखने का संकल्प भी लेना चाहिए। गंगा में दीपदान करते समय पर्यावरण को हानि पहुँचाने वाली सामग्री, प्लास्टिक और अपशिष्ट जल में न डालें। श्रद्धा का सर्वोच्च प्रमाण नदी को स्वच्छ रखना है।

आज गंगा से केवल वरदान मत माँगिए, अपने आचरण का एक संकल्प भी दीजिए।

एक व्यक्ति गंगा को स्वच्छ रखने का संकल्प ले ले, एक परिवार जल का सम्मान करना सीख ले और एक समाज नदी को अपनी साझा धरोहर मान ले, तो यह भी देव दीपावली का महान दीपदान होगा।

पूर्णिमा का चंद्रमा : अधूरे मनुष्य से पूर्ण व्यक्तित्व तक

कार्तिक पूर्णिमा का चंद्रमा हमें पूर्णता का सुंदर प्रतीक देता है।

पूर्णता का अर्थ यह नहीं कि मनुष्य में कोई कमी न रहे। पूर्णता का अर्थ है कि वह अपनी कमियों को पहचानकर स्वयं को निरंतर बेहतर बनाता रहे।

आधा सत्य बोलना नहीं, सत्य के प्रति निष्ठावान होना सीखिए।

आधा प्रेम नहीं, संबंधों में सम्मान और समर्पण रखिए।

आधी करुणा नहीं, दूसरों के दुःख को समझने का हृदय विकसित कीजिए।

आधी जिम्मेदारी नहीं, अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाइए।

चंद्रमा स्वयं प्रकाश का स्रोत नहीं, सूर्य के प्रकाश को प्रतिबिंबित करता है। यही जीवन का भी एक अद्भुत संदेश है।

सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 25 नवंबर 2026 बुधवार

कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज वृष मिथुन सिंह कन्या धनु और मीन राशि के जातकों का मानसिक मनोबल और भाग्य का संबल अत्यंत उत्तम रहेगा। बुधवार का दिन बुद्धि और वाणी के कारक भगवान गणेश तथा बुध ग्रह की आराधना के लिए परम पवित्र और अक्षय फलदायी माना जाता है। आज के दिन गणपति मंदिर में जाकर दूर्वा और मोदक अर्पित करने तथा गणेश अथर्वशीर्ष का पाठ करने से जीवन की सभी विघ्न बाधाएं दूर होती हैं और तीव्र बुद्धि विवेक तथा व्यापारिक उन्नति की प्राप्ति होती है।

मेष

आज कार्यक्षेत्र में आपके पराक्रम और नेतृत्व क्षमता की खुलकर सराहना होगी जिससे आपका प्रभाव काफी बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में किए गए पूर्व प्रयासों से अचानक बड़ा धन लाभ होने की पूरी संभावना बन रही है। भगवान गणेश को दूर्वा अर्पित करें जिससे आपके सभी संकट दूर हों।

वृष

आज व्यापार में किसी नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने का बहुत ही अनुकूल समय है और वरिष्ठ अधिकारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन में सुख और शांति का वातावरण बना रहेगा जिससे आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। मंदिर में हरे मूंग की दाल का दान करें जिससे आपके भाग्य के द्वार खुलेंगे।

मिथुन

आज आपकी बौद्धिक क्षमता और तार्किक शक्ति से आपके सभी जटिल और रुके हुए कार्य तेजी से हल होंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अध्ययन और प्रतियोगिता परीक्षा में बड़ी सफलता दिलाने वाला रहेगा। गणेश अथर्वशीर्ष का नियमित पाठ करें जिससे आपकी संपत्ति और कार्यकुशलता में वृद्धि हो।

कर्क



आज भूमि भवन या अचल संपत्ति के क्रय-विक्रय से जुड़ा कोई रुका हुआ मामला सुलझने से मन में उत्साह रहेगा। माता-पिता का भरपूर स्नेह और मार्गदर्शन प्राप्त होगा जो आपके लिए बहुत लाभदायक रहेगा। गणपति मंदिर में हरे रंग का वस्त्र भेंट करें जिससे आपके घर में सुख समृद्धि का वास हो।

सिंह

आज समाज और कार्यक्षेत्र में आपके वर्चस्व तथा मान-सम्मान चरम पर होगा और विरोधी आपके सामने टिक नहीं पाएंगे। आय के नए स्रोत बनने से आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत और सुदृढ़ होगी। भगवान गणेश को पान और सुपारी अर्पित करें जिससे आपके यश और कीर्ति में वृद्धि हो।

कन्या

आज आपकी आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा और लंबे समय से रुका हुआ धन वापस मिलेगा। व्यापारियों को नए व्यावसायिक अनुबंध मिलने की पूरी संभावना बन रही है। किसी जरूरतमंद को हरी सब्जी और फल दान करें जिससे आपके मार्ग की सभी रुकावटें दूर हों।

तुला

आज कला संस्कृति और वाणिज्य क्षेत्र से जुड़े जातकों को बड़ी सफलता मिलेगी और भरपूर जनसमर्थन प्राप्त होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के साथ किसी मांगलिक कार्य में भाग लेंगे। मंदिर में मोदक का भोग लगाएं जिससे आपके जीवन में शांति बनी रहे।

वृश्चिक

आज आपके सोचे हुए सभी शासकीय और कानूनी कार्य बिना किसी रुकावट के समय पर पूरे होंगे। अपने स्वास्थ्य का थोड़ा ध्यान रखें और दिनचर्या को पूरी तरह संयमित रखने का प्रयास करें। संकटनाशन गणेश स्तोत्र का पाठ करें जिससे आपके सभी विरोधी शांत रहें।

धनु

आज भाग्य का पूरा साथ मिलने से आपके सभी अटके हुए प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ेंगे और मन प्रफुल्लित रहेगा। धार्मिक गतिविधियों और सेवा कार्यों में आपकी गहरी रुचि रहेगी जिससे आत्मिक शांति मिलेगी। मंदिर में शुद्ध घी का दीपक जलाएं जिससे आपके मार्ग प्रशस्त हों।

मकर

आज नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने के बहुत ही सुंदर योग बन रहे हैं। पैतृक संपत्ति से जुड़ा कोई पुराना विवाद आपसी बातचीत से सुलझ सकता है। बुधवार का व्रत रखें जिससे आपके करियर की बाधाएं समाप्त होंगी।

कुंभ

आज आध्यात्मिक और सामाजिक कार्यों में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और किसी महत्वपूर्ण यात्रा का योग बनेगा। व्यावसायिक साझेदारों के साथ संबंध मजबूत होंगे जिससे व्यापार में बड़ा मुनाफा मिलेगा। गणेश चालीसा का पाठ करें जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत हो।

मीन

आज आर्थिक लेन-देन में पूरी सावधानी बरतें और किसी भी अनजान योजना में सोच-समझकर ही पैसा लगाएं। पारिवारिक माहौल सुखद रहेगा और जीवनसाथी का पूरा सहयोग आपके साथ बना रहेगा। भगवान गणेश के चरणों में प्रणाम करके दिन की शुरूआत करें जिससे आपके सभी मानसिक तनाव दूर हों।

आज का वास्तु शोधनम सूत्र

बुधवार के दिन घर की उत्तर दिशा को पूरी तरह स्वच्छ रखकर वहां हरे रंग के पौधे या कुबेर यंत्र की स्थापना करने तथा मुख्य द्वार पर स्वच्छता बनाए रखने से घर का गंभीर वास्तु दोष समाप्त होता है तथा भगवान गणेश की कृपा से घर में बुद्धि विवेक और स्थायी सुख-समृद्धि का वास होता है।



जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने की स्व-गणना

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार द्वारा स्वयं स्व-गणना की गई। इस अवसर पर उन्होंने आमजन से जनगणना के प्रति जागरूक होने तथा स्व-गणना प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। जनगणना के द्वितीय चरण में स्वगणना की अवधि 16 नवंबर 2026 से 30 नवंबर 2026 तक एवं प्रगणक द्वारा घर-घर जाकर गणना का कार्य दिनांक 01 दिसंबर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक की जानी है। उक्त अवसर पर जिला जनगणना सहायक कपिल यदुवंशी एवं तकनीकी सहायता अंकुर सक्सेना उपस्थित रहे।

मथुरा में भीषण सड़क हादसा

खड़े ट्रक में घुसी स्विफ्ट कार, चार लोगों की दर्दनाक मौत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

मथुरा के थाना जैत क्षेत्र में दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे पर सोमवार तड़के भीषण सड़क हादसा हो गया। हाईवे किनारे खड़े ट्रक में तेज रफ्तार स्विफ्ट कार पीछे से जा घुसी। हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि कार में कुल नौ लोग सवार थे, जो मध्य प्रदेश के भिंड जिले से मथुरा घूमने आए थे। सभी ने रात में गोवर्धन की परिक्रमा की थी। इसके बाद सोमवार तड़के वापस लौटते समय चालक को नींद की झपकी आने से कार अनियंत्रित हो गई और थाना जैत क्षेत्र में सनसिटी के सामने हाईवे किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार ट्रक के पिछले हिस्से में बुरी तरह फंस गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही थाना जैत पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकलवाया। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में चार वर्षीय रुद्र, 10



वर्षीय कान्हा, 32 वर्षीय रूबी और 30 वर्षीय ज्योति की मौत हो गई। वहीं आशा, देवाशीष, गिरजा, पलक और गौरी घायल हो गए। घायलों में एक की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। सभी का अस्पताल में उपचार जारी है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

एस एस पी श्लोक कुमार ने बताया आज सुबह लगभग 7:30 बजे के करीब थाना जैंत क्षेत्र में सनसिटी के पास सर्विस लेन पर खड़े एक डंपर में पीछे से आकर एक स्विफ्ट गाड़ी, जो कि एमपी नंबर की थी, वह हिट की । उसमें नौ लोग सवार थे, जिसमें कि चार लोगों की अब तक मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुई है । ये सभी लोग मध्य प्रदेश के भिंड के रहने वाले हैं । ग्वालियर से यह आए थे । अब तक की जो प्राथमिक जानकारी मिली है, उसमें जो गाड़ी के चालक थे, क्योंकि उन्होंने रात में दो अलग-अलग जगह परिक्रमा की थी और संभवतः रात्रि में नींद न पूरी होने के कारण, झपकी आने के कारण यह दुर्घटना हुई है।

हम लोग सारे पहलुओं पर जांच कर रहे हैं, सीसीटीवी भी देखी जा रही है। परिवार को सूचित कर दिया गया है। घायलों का उपचार चल रहा है, डॉक्टरों की टीम उनको देख रही है। घायलों में दो लोगों की स्थिति थोड़ी गंभीर है, शेष जो लोग हैं उनको भी सर्वोदय मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में लाकर के देख-रेख की जा रही है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

कंस वध मेले की झांकी में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के चित्रण पर विवाद

- बृजवासियों के साथ जिलाधिकारी से मिले आचार्य रोहित रिछारिया
- ज्ञापन सौंपकर कानूनी कार्रवाई की मांग

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



कंस वध मेला-2026 के दौरान निकाली गई एक झांकी में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कथित चित्रण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस मामले में आचार्य रोहित रिछारिया ने हिंदूवादी नेता संजय हरियाणा, कार्ष्णी नागेन्द्र महाराज, भागवत आचार्य सुमंत कृष्ण शास्त्री, आर के पांडे, ईश्वर रावत, पूर्णक कौशिक अजय शर्मा एवं अन्य बृजवासियों के साथ जिलाधिकारी से मुलाकात कर शिकायती ज्ञापन सौंपा और संबंधित लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

वहीं रोहित रिछारिया ने बताया है कि माथुर चतुर्वेद परिषद के तत्वावधान में आयोजित कंस वध मेला-2026 के दौरान निकाली गई झांकी में पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को कंस के रूप में प्रदर्शित करते हुए भगवान श्रीकृष्ण द्वारा उन्हें पीटने का दृश्य दिखाया गया। वहीं उन्होंने बताया कि पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के प्रति करोड़ों हिंदुओं एवं सनातन धर्मावलंबियों की आस्था और श्रद्धा जुड़ी हुई है। ऐसे में इस प्रकार का सार्वजनिक चित्रण उनके शिष्यों, भक्तों और श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है। इस झांकी से समाज में विद्वेष, घृणा और वैमनस्य की भावना उत्पन्न हुई है। वहीं उन्होंने भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 के अंतर्गत दंडनीय अपराध बताते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

भागवत आचार्य सुमंत कृष्ण शास्त्री ने बताया

ज्ञापन में 29 अक्टूबर को कथा के दौरान पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के प्रति कथित टिप्पणी को लेकर प्रकाशित समाचार पर भी आपत्ति जताई गई।उन्होंने कहा कि महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के प्रति भक्तिभाव और प्रेम प्रकट किया था, जिसे गलत ढंग से प्रस्तुत किया गया।

वहीं काषिण नागेंद्र ने बताया आचार्य रोहित रिछारिया जी के साथ बृजवासियों ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण का संज्ञान लेकर संबंधित आयोजकों एवं जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। इस अवसर पर अनुराग कृष्ण शास्त्री ,चतुर नारायण शास्त्री, शिवम् साधक , अनुज शास्त्री, अंशुल पराशर, मनप्रीत कौर, विनय कांत त्रिपाठी, मनीष कुमार गुप्ता एड. उषा सोलंकी एड. आदि मौजूद थे।

दलितों, शोषितों, पीड़ितों और वंचितों को खुशहाल बनाने के लिये संघर्ष कर रही है कांग्रेस-रामनिवास यादव

फिरोजाबाद। कांग्रेस ने दलितों को आरक्षण देकर मुख्य धारा से जोड़ने और पट्टे देकर संपन्न बनाने का काम किया है। उक्त विचार कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने दमामल नगर में वाल्मीकि महासभा द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद ही दलित समाज की समाज में गैर बराबरी को देखते हुए कांग्रेस ने उन्हें आरक्षण देकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया था। आवासीय और कृषि भूमि पट्टे देकर उन्हें संपन्न और आत्मनिर्भर बनाने का काम किया था। आज भी कांग्रेस दलितों, शोषितों, पीड़ितों, वंचितों सहित सभी को संपन्न और खुशहाल बनाने के लिये संघर्ष कर रही है और हमेशा करती रहेगी। मौजूदा सरकारें दलित समाज से सरकारी नौकरी छीन कर उन्हें ठेके पर काम करने को मजबूर करके गुलाम बनाने का काम कर रही हैं और सरकारी विद्यालय बंद कराकर उनके बच्चों को शिक्षा से भी वंचित रखना चाहती हैं जिसे कांग्रेस पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

स्वागत समारोह में राजवीर सिंह यादव, जितेंद्र तिवारी, शैलेंद्र शुक्ला, दिनेश उपाध्याय, संदीप कुमार, अजय यादव, धर्मेंद्र यादव, शांति दास शंखवार आदि को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अमित कुमार अनार्य, राजेश कुमार वाल्मीकि, विक्की वाल्मीकि, लालाराम, पवन कुमार, मुन्नालाल, पप्पू सिंह, गुलाब सिंह, राजू वाल्मीकि, मोहनलाल, गुलशन कुमार, बाबूलाल सहित अनेको वाल्मिक समाज के लोग मौजूद रहे।

योगासन, आत्मरक्षा एवं मार्शल आर्ट का शानदार प्रदर्शन

संस्कृति यूनिवर्सिटी में द्वितीय युद्धज्ञान प्रदेश स्तरीय आत्मरक्षा समूह प्रतियोगिता



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

संस्कृति यूनिवर्सिटी छाता, मथुरा में युद्धज्ञान इंडियन स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में द्वितीय युद्धज्ञान प्रदेश स्तरीय आत्मरक्षा समूह प्रतियोगिता 2026 का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से सैकड़ों खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंकज प्रकाश विधायक प्रतिनिधि रहे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती मीनाक्षी शर्मा सीईओ, संस्कृति यूनिवर्सिटी छाता सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में ज्ञान प्रकाश (फाउंडर एवं ग्रैंडमास्टर), भूषण कुमार यादव, महेंद्र राजपूत, एडवोकेट रवि किशन जी, देवेंद्र कुमार, डॉ. दीपमाला यादव, डॉ. गुंजन, उपाध्यक्ष अमित कुमार, डॉ. श्याम सुंदर शर्म एवं धर्मेंद्र कुमार (एमडी पैथोलॉजी) उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने योगासन, आत्मरक्षा, भारतीय अस्त्र-शस्त्र कला एवं मार्शल आर्ट की विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। 200 खिलाड़ियों की सहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

मुख्य अतिथि पंकज प्रकाश ने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों एवं युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, साहस और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करते हैं।

गुरु ज्ञान प्रकाश ने कहा कि युद्धज्ञान संगठन का उद्देश्य भारतीय पारंपरिक युद्ध कलाओं, योग एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण को जन-जन तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम का आयोजन युद्धज्ञान इंडियन स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष मोहित कुमार एवं जनरल सेक्रेटरी मनोज कुमार (एम.के. सर्पकार) के नेतृत्व में किया गया।

अंत में संगठन की ओर से सभी अतिथियों, सहयोगियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया गया। युद्धज्ञान संगठन का संदेश –आत्मरक्षा सीखें, आत्मविश्वास बढ़ाएं और स्वस्थ एवं सशक्त भारत का निर्माण करें।

टायर फटने से कार ओटो की भिड़ंत

पिनाहट। थाना बसई अरेला क्षेत्र के गांव मानिकपुरा स्थित गोवर्धन कोल्ड स्टोरेज के पास सोमवार दोपहर करीब एक बजे फतेहाबाद से बाह की ओर जा रही तेज रफ्तार वैगनआर कार का अचानक टायर फटने से कार अनियंत्रित हो गई और आगे चल रहे एक ऑटो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार चालक रमेश निवासी जैतपुर तथा ऑटो चालक यशपाल निवासी सुखताल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट भर्ती कराया है।

'कड़िया सांसी गैंग' से रहें सावधान

बच्चों को आगे कर उड़ाते हैं नकदी और जेवरों से भरे बैग

- सूट-बूट पहनकर बाराती बनकर पहुंचते हैं गिरोह के सदस्य
- मथुरा पुलिस ने विवाह स्थल संचालकों और आमजन को जारी की चेतावनी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

शादी-विवाह और अन्य मांगलिक समारोहों में नकदी और जेवरात से भरे बैग चोरी करने वाले अंतरराज्यीय ह्यकड़िया सांसी गैंगह्व की सक्रियता को देखते हुए मथुरा पुलिस ने आमजन को सतर्क रहने की अपील की है। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के कड़िया सांसी, गुलखेड़ी और हुलखेड़ी गांवों से जुड़े इस गिरोह के सदस्य शादी समारोहों को निशाना बनाते हैं। गिरोह की सबसे खतरनाक बात यह है कि इसमें पांच से 12 वर्ष तक के बच्चों को चोरी की वारदातों के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

पुलिस के अनुसार इस गिरोह में सामान्यतः सात सदस्य एक साथ काम करते हैं। सभी की भूमिकाएं पहले से निर्धारित होती हैं। कुछ सदस्य समारोह स्थल की रेकी करते हैं तो कुछ लोगों का ध्यान भटकाकर बैग चोरी करते हैं। वहीं गिरोह के अन्य सदस्य वाहन लेकर बाहर तैयार रहते हैं ताकि वारदात के बाद आसानी से फरार हुआ जा सके।

गिरोह के सदस्य अच्छे कपड़े और सूट-बूट पहनकर बाराती या मेहमान बनकर होटल और मैरिज गार्डन में प्रवेश करते हैं। इनके साथ छोटे बच्चे भी होते हैं जिन्हें कम उम्र से ही चोरी करने और भीड़ में घुलने-मिलने का प्रशिक्षण दिया जाता है। ये बच्चे मौका मिलते ही मेहमानों का ध्यान भटकाकर नकदी और आभूषणों से भरे बैग लेकर गायब हो जाते हैं।

सूत्रों के मुताबिक गिरोह पहले ही बड़े व्यापारियों और संपन्न परिवारों के शादी समारोहों की जानकारी जुटा लेता है। किस होटल या मैरिज गार्डन में कार्यक्रम है और वहां कितनी नकदी तथा सोना-चांदी आने की संभावना है इसकी रेकी की जाती है। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया जाता है।

शादी के सीजन में यह गिरोह विशेष रूप से मथुरा और आगरा क्षेत्र में सक्रिय रहता है। पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में दर्जनों चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है।

मथुरा पुलिस ने लोगों से अपील की है कि शादी समारोहों में नकदी और जेवरात से भरे बैग को कभी लावारिस न छोड़ें और न ही किसी अनजान व्यक्ति या बच्चे के भरोसे रखें। समारोह में संदिग्ध रूप से घूम रहे बच्चों और अनजान लोगों पर विशेष नजर रखें। होटल, मैरिज होम और गार्डन संचालकों को प्रवेश द्वार सहित प्रमुख स्थानों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं।

एसएसपी श्लोक कुमार ने अपील की है कि जारी पोस्टर और फोटो में दिखाए गए संदिग्ध व्यक्तियों में से कोई भी व्यक्ति शादी समारोह या उसके आसपास दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा थाना हाईवे के प्रभारी निरीक्षक के मोबाइल नंबर 9454403946 और क्षेत्राधिकारी रिफाइनरी के नंबर 9454401269 पर भी सूचना दी जा सकती है। पुलिस ने आमजन से सतर्कता बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने की अपील की है।

श्री किशोरी रमन वार्ष्णेय स्मृति जिला क्रिकेट लीग 2026

हरीश राघव क्रिकेट अकादमी ने 8 रन से मैच जीता

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

प्रतियोगिता का छठवा मैच हरीश राघव क्रिकेट अकादमी, मथुरा व जीएसए, वृन्दावन के मध्य हरीश राघव क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया। आज सुबह हरीश राघव क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हरीश राघव क्रिकेट अकादमी की टीम निर्धारित 30 ओवर में 8 विकेट खोकर 209 रन बनाये। बल्लेबाज हिमांशु वर्मा ने शानदार 65 रन, प्रशांत चौधरी ने 37 रन, और आशीष ने 26 रन तथा पवन परिहार व आशीष नौहवार ने 17-17 का योगदान दिया। जीएसए क्रिकेट अकादमी, वृन्दावन की ओर से आसिफ कुरैसी ने 3 विकेट , आयुष ने 2 तथा प्रतीक प्रताप सिंह ने 2 विकेट लिए । जवाब मे बल्लेबाजी करने उत्तरी जी एस ए क्रिकेट अकादमी, वृन्दावन की टीम ने 29.1 ओवर मे 10 विकेट खोकर 201 रन ही बना सकी और इस तरह हरीश राघव क्रिकेट अकादमी ने 8 रन से मैच जीत लिया ।



जी. एस. ए ,वृन्दावन की ओर से विनीत चौधरी ने 44 रन, शरीफ ने 33 रन और सोएब ने 27 रन तथा ,पवन परिहार ने 2 विकेट तथा अर्चित समाधिया ने 1 विकेट लिया । मैच मे अंपायर अनिल आहूजा और कमल तेजवानी रहे स्कॉरिंग गौरव जादौन ने की ।

इस अवसर जिला क्रिकेट संघ के सचिव कमल चावला, कोषाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित,अशोक कैंथवास, रोहित सिंह,रवि गुर्जर,रचित चावला, बंसी लाल अग्रवाल, पंकज शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। आज के मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी पुरुष्कार हिमांशु वर्मा को संघ के सचिव कमल चावला जय आहूजा ने 20 रन का योगदान दिया। हरीश राघव क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए भोलेश्वर ने 2 विकेट,तनिष्क राजपूत ने 2 विकेट,हिमांशु वर्मा 2 विकेट ने प्रदान किया । कल का मैच सीएई,मथुरा व अचीवर्स क्रिकेट अकादमी, मथुरा के मध्य वृन्दावन क्रिकेट ग्राउंड के मैदान पर खेला जायेगा।

झगड़े के दौरान वृद्ध की सदमे से हुई मौत

- पुत्रवधू के परिजनों के सामने बुजुर्ग की बहू ने की मारपीट

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, शिकोहाबाद।

थाना क्षेत्र के गांव बनीपुर में पति-पत्नी के झगड़े को लेकर मामला बढ़ गया। पत्नी ने अपने परिजनों को बुला लिया। जिसके बाद सोमवार सुबह दोनों पक्षों में कहा सुनी हो गई। इसी बीच बहू ने ससुर के साथ ग्रामीणों के सामने मारपीट कर दी। जिससे सदमे में आए वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर फिरोजाबाद मेडिकल कालेज भेजा है। जबकि पुलिस ने आरोपित बहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

बनीपुर निवासी 62 वर्षीय रमेश चंद्र बघेल की पुत्रवधू के परिजन गांव में सोमवार को आए। पति-पत्नी के झगड़े को लेकर दोनों पक्षों में पंचायत चल रही थी। इसी बीच रघुनाथ की पत्नी नीतू (पुत्रवधू) ने परिजनों के सामने अपने ससुर के साथ मारपीट कर दी।

जिससे बुजुर्ग को ग्रामीणों के सामने मारपीट से कायली लगी और उसे सदमा लग गया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई।

वृद्ध की मौम के बाद भी नीतू का पति रघुनाथ और उसके साले व ससुरालीजनों में मारपीट होती रही। बाद में ग्रामीणों ने दोनों पक्षों को समझाते हुए मामला शांत कराया। हादसे की जानकारी होते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर फिरोजाबाद मेडिकल कालेज भेज दिया। पुलिस ने आरोपित पुत्रवधू नीतू को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस बारे में इंस्पेक्टर का कहना है कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जावेगी।

रेलवे सुरक्षा बल द्वारा उत्कृष्ट सुरक्षा प्रबंधन– दैनिक लगभग 14 ट्रेनों में एस्कॉर्ट ड्यूटी

आगरा। मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री गगन गोयल के दिशा निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल, आगरा मंडल ने यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए संचालित महत्वपूर्ण ट्रेनों में व्यापक और सुदृढ़ एस्कॉर्ट ड्यूटी प्रदान की जा रही है। आगरा मंडल की लगभग 14 ट्रेनों में सुरक्षा प्रबंध दिया जा रहा है , जिसके लिए लगभग 34 प्रशिक्षित, अनुशासित और समर्पित रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों द्वारा अपनी ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाई जा रही है। बाकी की ट्रेनों को अलग अलग मंडलो द्वारा सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे है इन ट्रेनों में राजधानी एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस, शताब्दी एक्सप्रेस, अवध एक्सप्रेस, अगस्त क्रांति राजधानी, बीकानेर-हावड़ा एक्सप्रेस, मरुधर एक्सप्रेस सहित कई प्रमुख गाड़ियाँ शामिल है, जिनमें यात्रियों की आवाजाही अधिक रहती है। इन सभी ट्रेनों में आरपीएफ टीमों द्वारा सुरक्षा प्रबंधन को मजबूत बनाए रखने के लिए पूरे मार्ग पर लगातार गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जा रही है

रेलवे सुरक्षा बल ने कोचों में सतत निगरानी रखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष नजर बनाए रखी है।

जिलाधिकारी ने 34वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।

दाऊदयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में 34 वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिलाधिकारी ने खेल मशाल प्रज्ज्वलित कर एवं हरी झंडी दिखाकर किया। प्राथमिक एवं जूनियर स्तर पर बालक-बालिका वर्ग की खो-खो, कबड्डी तथा 50, 100, 200, 400 और 600 मीटर दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित होती है। उन्होंने बच्चों से हार-जीत की चिंता किए बिना खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया। सीडीओ शैलेन्द्र कुमार सिंह ने भी खेलों को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बताते हुए प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।

बीएसए अनिल कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता बच्चों की खेल प्रतिभाओं को पहचानने और निखारने का सशक्त मंच है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने स्व-गणना एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के प्रति जागरूक करते हुए पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील की। प्रतियोगिता में विभिन्न विकास खंडों से आए बच्चों और शिक्षकों मौजूद रहे।

स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

शिकोहाबाद। नारायण कॉलेज में सड़क सुरक्षा पखवाड़े के आठवें दिन कॉलेज के रोड सेफ्टी क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करने, सड़क पर मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने तथा निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। सड़क पर लापरवाही न केवल स्वयं के जीवन को खतरे में डालती है, बल्कि दूसरों के लिए भी गंभीर जोखिम उत्पन्न करती है।

डग्गेमार बसों पर रोक के लिए बड़ा कदम उठाएगी रोडवेज यूनियन



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, टूंडला।

यूपी रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण शर्मा का टूंडला बस स्टैंड पर रोडवेज कर्मचारियों ने स्वागत किया। कर्मचारियों ने उन्हें फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने भी उनका स्वागत किया।

सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि प्रदेश महामंत्री का नया दायित्व उनके लिए बड़ी जिम्मेदारी है। वह संगठन को मजबूत करने के साथ कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्ष करेंगे।

उन्होंने रोडवेज के रंग में रंगी डग्गेमार बसों के संचालन पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को प्रतिदिन राजस्व का नुकसान हो रहा है। ऐसी बसों से सड़क हादसों का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि डग्गेमार बसों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगवाने के लिए यूनियन जल्द बड़ा कदम उठाएगी।

इस मौके पर क्षेत्रीय मंत्री रविंद्र कुमार, क्षेत्रीय प्रतिनिधि राजकुमार गौतम, क्षेत्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार और हरकेश पाठक सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

कल लखनऊ में निकलेगा संविधान रक्षा मार्च, जनपद से कांग्रेसजन होंगे शामिल

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार ह्यवोट बचाओ, देश बचाओह्ल अभियान के अंतर्गत 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राजधानी लखनऊ में विशाल संविधान रक्षा मार्च का आयोजन किया जाएगा। मार्च में फिरोजाबाद जनपद से अधिक से अधिक कांग्रेसजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस नेताओं एवं पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से लखनऊ पहुंचने की अपील की है।

प्रदेश सचिव डॉ. प्रकाशनिधि गर्ग एवं महानगर अध्यक्ष शफात खान राजू ने कहा कि संविधान रक्षा मार्च का उद्देश्य लोकतंत्र, संविधान तथा देश के संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के संकल्प को मजबूत करना है। इसके लिए पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारियों, पार्षदों, वार्ड अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई सहित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपने साथियों के साथ कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया गया है। इस दौरान हाजी नसीर अहमद, चॉद कुरैशी, नुरुलहुदा लाल लाइन गांधी, गुलाम जिलानी, बकार खालिद, अजय शर्मा एवं जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष शिप्रा उपाध्याय सहित अन्य कांग्रेसजनों ने 26 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचकर संविधान रक्षा मार्च को सफल बनाने की अपील की।

प्रकृति संरक्षण को समर्पित संस्था 'पर्यावरण मित्र' ने पीमएश्री केंद्रीय विद्यालय एटा के विद्यार्थियों को कराया वन दर्शन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, शिकोहाबाद।

प्रकृति संरक्षण को समर्पित संस्था पर्यावरण मित्र द्वारा वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति प्रेम जगाना और उन्हें प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से शैक्षिक एवं प्रेरणादायक वन दर्शन कार्यक्रम का आयोजन कराया गया।

वन दर्शन भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को कृषि, बागवानी और वन प्रबंधन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण व्यावहारिक जानकारियां दी गईं।



संस्था की अध्यक्ष किरण बजाज ने टेलीफोन पर दिए अपने संदेश में कहा कि आज के समय में प्रकृति का संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी बन चुका है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के लगातार हो रहे दोहन ने भावी पीढ़ी के भविष्य के सामने कई गंभीर चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। इन्हीं चुनौतियों से निपटने और धरती से जल, वायु, ध्वनि एवं भूमि प्रदूषण को यथाशक्ति कम करने के उद्देश्य से संस्था ह्यपर्यावरण मित्रह्ल लगातार जागरूकता का कार्यक्रम चला रही है। आप सब इससे जुड़कर पर्यावरण को बचाने का सकल्प लें।

विशेषज्ञ राजीव प्रताप सिंह ने बच्चों को नर्सरी में पौधों को तैयार करने, जैविक सब्जियों के उत्पादन, रासायनिक खादों के दुष्प्रभावों और जैविक खाद बनाने की प्रक्रिया और इसके लाभों की प्रायोगिक जानकारी भी दी।वरिष्ठ समन्वयव दीपक औहरी ने विद्यार्थियों को कचरा प्रबन्धन व पौधारोपण के बारे में विस्तार से समझाया।

विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और सीखे गए ज्ञान को अपने दैनिक जीवन व विद्यालयों में अपनाने का प्रण किया। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण मित्र समन्वयक मोहित जादोंन ने सभी का धन्यवाद प्रकट किया। विद्यालय से आए शिक्षकों में वन्दना पाण्डेय, राहुल गौतम, दिव्या, सोनम शाक्य, रश्मि, ज्योति, पूनम, सुनील, शबनम, करन गुप्ता, कमलेश उपस्थित रहे।



जिलाधिकारी ने ग्लास म्यूजियम व ऑडिटोरियम का किया निरीक्षण

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन ग्लास म्यूजियम एवं ऑडिटोरियम का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने भवन के विभिन्न हिस्सों, सीढ़ियों, बालकनी, रेलिंग, आंतरिक संरचना एवं फिनिशिंग कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता और निर्धारित मानकों से कोई समझौता न किया जाए। शेष कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करने के साथ सुरक्षा मानकों, प्रकाश व्यवस्था और वेंटिलेशन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि ग्लास म्यूजियम एवं ऑडिटोरियम फिरोजाबाद की कांच उद्योग से जुड़ी पहचान को नई दिशा देने के साथ सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक आयोजनों का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी मोहनलाल गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

एमवी एक्ट के चालान संबंधी वादों के निस्तारण को 28 नवंबर को लगेगी विशेष लोक अदालत

फिरोजाबाद। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश शिवा ने बताया कि उच्च न्यायालय के अनुपालन एवं जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार मोटर व्हीकल एक्ट के चालान से संबंधित लंबित वादों के निस्तारण के लिए 28 नवंबर को विशेष लोक अदालत का आयोजन प्रातः 10 बजे से होगा। उन्होंने संबंधित वादकारियों से अपील की है कि वे अपने लंबित चालानों का निस्तारण विशेष लोक अदालत के माध्यम से कराएं। साथ ही आमजन से लोक अदालत के आयोजन का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने की अपील की गई है।

भारतीय लोक कल्याण समिति की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

फिरोजाबाद। भारतीय लोक कल्याण समिति की बैठकं में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समिति के जिलाध्यक्ष विकास गुप्ता ने अधिक से अधिक नए लोगों को संगठन से जोड़ने का आग्रह किया। संस्थापक एवं प्रबंधक महासचिव सुनील दत्त गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्दियों में रात्रि के समय चाय वितरण और जरूरतमंदों को कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से सक्रिय रहने की अपील की। साथ ही एक वर्ष से निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर नए लोगों को जिम्मेदारी देने की बात कही। बैठक में सुनील राठौर, अंशुल गुप्ता, प्राची गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं को स्व. जनगणना के बारे में दी जानकारी

शिकोहाबाद। जसलई रोड स्थित द एशियन स्कूल में प्रशासन एवं डीएम के निर्देशन पर स्व.गणना को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एलईडी और टीवी पर डेमो के माध्यम से मास्टर ट्रेनर्स ने छात्रों को स्वयं, परिवार व स्थानीय लोगों की गणना करने तथा 40 प्रश्नों को भरने की प्रक्रिया बारीकी से समझाई। कार्यक्रम में प्रमुख स्टेट मास्टर ट्रेनर अशोक अनुरागी और स्टेट मास्टर ट्रेनर योगेंद्र सिंह ने छात्रों को विस्तार से प्रशिक्षित किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि छात्र किस प्रकार स्वयं के साथ-साथ अपने परिवारजनों और आसपास के स्थानीय लोगों की स्व.गणना आसानी से कर सकते हैं। प्रक्रिया को सरलता से समझने के लिए टीवी पर लाइव डेमो भी दिखाया गया।

ब्लॉक प्रमुख अरांव ने 218 लाभार्थियों को बांटे आवास के स्वीकृति प्रमाण पत्र

- मुख्यमंत्री आवास योजना के 148 और प्रधानमंत्री आवास योजना के 70 लाभार्थी हुए लाभान्वित



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।

विकास खंड अरांव में ब्लॉक प्रमुख अरांव कमलेश राजपूत एवं परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने 218 पात्र लाभार्थियों को आवास के स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए। जिसमें मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 148 तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 70 लाभार्थी शामिल रहे।

परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बिना किसी भेदभाव के सभी पात्र लोगों को आवास उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री के विजन को धरातल पर उतारने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। प्रयास है कि कोई भी पात्र व्यक्ति आवास की सुविधा से वंचित न रहे।

ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कोई भी जरूरतमंद परिवार बिना छत के न रहे, इसके लिए जनप्रतिनिधि और प्रशासन मिलकर पारदर्शिता के साथ कार्य कर रहे हैं। लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए हर संभव सहयोग किया जा रहा है। आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह दिखाई दिया। विशेष रूप से दिव्यांग लाभार्थियों ने सुरक्षित छत मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन और प्रशासन का आभार जताया।

जिला स्तरीय ताइक्वांडो चौंयपियनशिप में शिकोहाबाद पब्लिक स्कूल का दबदबा



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, शिकोहाबाद।

ओपन इंटर स्कूल जिला स्तरीय ताइक्वांडो चौंपियनशिप का आयोजन शिकोहाबाद पब्लिक स्कूल में किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंदी पर भारी रहे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने गोल्ड, सिल्वर और कांस्य पदक प्राप्त कर अपना और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदीप जादौन डायरेक्टर यूरो एकेडमी स्कूल सिरसागंज, केशव दयाल शर्मा संस्थापक शिकोहाबाद पब्लिक स्कूल, अर्पित यादव डिस्ट्रिक्ट कोच उत्तर प्रदेश सरकार ताइक्वांडो एफिलिएशन उपस्थित रहे। चौंपियनशिप में शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें कई बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। ओवर आल प्रथम स्थान शिकोहाबाद पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान काशिया ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एकेडमी, तृतीय स्थान एनसीएचएस ग्वालियर स्कूल रहे। गोल्ड मेडल विजेताओं में मेधा व दिव्यांश दिल्ली पब्लिक स्कूल, अतिक्ष ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल. लोकेश व अन्वी सेंट आरसीएस एकेडमी. उत्कर्ष ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल, अदिति इंडियन एकेडमी, कृष्णा राजपूत ,स्नेहा कुशवाहा, परी और दीपिका शिकोहाबाद पब्लिक स्कूल, सिल्वर मेडल विजेताओं में वैष्णवी ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल. सुभा ब्लूमिंग बड्स स्कूल, वंश व अक्ष शिकोहाबाद पब्लिक स्कूल और ब्रॉन्ज मेडल में आयुष ब्लूमिंग बड्स स्कूल रहे। सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथियों द्वारा मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

सीडीओ ने मदावली गोशाला का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।

मुख्य विकास अधिकारी ने मदावली गोशाला का आकस्मिक निरीक्षण कर गोवंश के संरक्षण एवं देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोशाला के मुख्य द्वार को बदलवाने तथा गोवंश के बाड़े को समतल कराने के निर्देश दिए, जिससे पशुओं के आवागमन में परेशानी न हो और जलभराव व दलदल की स्थिति उत्पन्न न हो।

सीडीओ शैलेंद्र कुमार सिंह ने सर्दी को देखते हुए गोवंश को शीतलहर से बचाने के लिए समय रहते तिरपाल आदि लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही गोशाला में पेंटिंग कराने और क्षतिग्रस्त दो टीन शेड को शीघ्र बदलवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोवंश का संरक्षण और उनकी समुचित देखभाल सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण की जाएं। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी भी उपस्थित रहे।

गैस सिलेंडर लेने आए बाइक सवार युवकों को कार ने रौंदा, एक की मौत

शिकोहाबाद। नसीरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़सान में एक व्यक्ति के यहां रामायण का पाठ हो रहा था। सोमवार को गांव के ही दो युवक बाइक से शिकोहाबाद से सिलिडंर लेने आए थे। सिलिंडर लेकर जाते समय आटेपुर रोड पर जलालपुर पुलिया के पास सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी, जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस दोनों को लेकर अस्पताल आई। यहां पर इमरजेंसी में परीक्षण के बाद एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे को गंभीर हालत में फिरोजाबाद मेडिकल कालेज भेज दिया।

गढ़सान निवासी राकेश उर्फ गुड्डू के यहां रामायण पाठ था। सोमवार को दावत होनी थी। इसलिए गांव के ही अजय और धर्मवीर काली पल्सर पर सिलिंडर लेने के लिए शिकोहाबाद आए। दोपहर के समय सिलिंडर लेकर जा रहे दोनों युवकों को आटेपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने जलालपुर पुलिया के समीप टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को लेकर अस्पताल आई। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद अजय (30) को मृत घोषित कर दिया, जबकि धर्मवीर (28) को गंभीर हालत में फिरोजाबाद मेडिकल कालेज भेज दिया। हादसे की जानकारी होते ही मृतक अजय के परिवार में कोहराम मच गया। गांव में धार्मिक आयोजन में भी खलबली मच गई। बाइक को अजय ही चला रहा था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर फिरोजाबाद मेडिकल कालेज और घायल धर्मवीर को उपचार के लिए फिरोजाबाद मेडिकल कालेज भेज दिया है।

विज्ञान प्रदर्शनी में झलकी विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।

जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में अमेजिंग वर्ल्ड स्कूल, सिरसागंज में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में जिले के विभिन्न विद्यालयों के 314 विद्यार्थियों ने 248 विज्ञान मॉडलों के माध्यम से अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रंजना गुरुदत्त सिंह, उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ पाठक ने किया। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और कल्पना चावला पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। प्रदर्शनी में सैटेलाइट सिस्टम, स्मार्ट सिटी, एआई मॉडल, ऑर्गेनिक फार्मिंग, स्मार्ट वेदर सिस्टम और ऊर्जा उत्पादन सहित विभिन्न विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए गए। अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें वैज्ञानिक सोच विकसित करने और राष्ट्रहित में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उन्नति, द्वितीय वासुदेव, तृतीय आराध्या, चतुर्थ आदित्य प्रताप तथा पंचम स्थान शिवकांत एवं मान्या ने प्राप्त किया। विजेताओं को क्रमशः पांच हजार, तीन हजार, दो हजार और एक-एक हजार रुपये की पुरस्कार राशि आरटीजीएस के माध्यम से प्रदान की जाएगी। इसके अलावा 14 अन्य विद्यार्थियों के मॉडल मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किए गए। निर्णायक मंडल में आरके तेनगुरिया, अरविंद कुमार, डॉ. ओंकार सिंह एवं अंकित कुमार शामिल रहे। आभार अंशुल खंडेलवाल ने व्यक्त किया।



सेहत और सौन्दर्य लाभ देता है ओट्स का नियमित सेवन

ओट्स यानी कि जौ या जई, एक प्रकार का खाद्य पदार्थ है, जिसे बहुत सारे अनाज को मिलाकर बनाया जाता है। ओट्स में कैल्शियम, फास्फोरस और पोटैशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है, इसलिए ये शरीर को कई प्रकार से फायदा करता है। आइए, जानते हैं ओट्स का नियमित सेवन कौन से सेहत और सौन्दर्य लाभ देता है -

- कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम और विटामिन-बी से भरपूर ओट्स आपके नर्वस सिस्टम के लिए बहुत फायदेमंद होता है, और आपको स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है।
- ओट्स में पाया जाने वाला इनोजिटॉल रक्त में वसा के स्तर को नियंत्रित करता है, और उसे बढ़ने नहीं देता। यह शरीर में उपस्थित अतिरिक्त वसा को भी कम करता है।
- ओट्स पेट संबंधी रोगों में भी काफी लाभ देता है। यह कब्ज को दूर कर, पेट खराब होने की समस्या से निजात दिलाने में सहायक है।
- प्रतिदिन अपने नाश्ते या खाने में ओट्स को शामिल करने से डाइबिटीज की समस्या में लाभ होता है, क्योंकि यह इंसुलिन के स्तर को नियंत्रित रखने में सहायक होता है।
- आपकी त्वचा को खूबसूरत बनाने के लिए भी ओट्स आपकी मदद कर सकता है। इससे बना फेस पैक चेहरे पर लगाने से त्वचा कोमल और स्वस्थ बनती है।
- ओट्स के चोकर में पर्याप्त मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो जल्दी पेट भरने के साथ-साथ आपके शरीर में उर्जा संचार करता है, और यह वजन कम करने में बेहद लाभप्रद है।
- कैंसर से बचाव के लिए ओट्स का प्रयोग किया जा सकता है। इसके प्रयोग से हृदय रोग होने का खतरा भी कम होता है क्योंकि यह हृदय की धमनियों में वसा को जमने से रोकता है।
- शरीर में गर्मी बढ़ने के कारण होने वाली समस्याओं जैसे चक्कर आना, दिल घबराना जैसी समस्याओं में ओट्स फायदेमंद है, क्योंकि इसकी प्रकृति ठंडी होती है।
- रूखी त्वचा या एक्जिमा जैसी तकलीफ में भी ओट्स सहायक होता है। ओटमील बाथ लेने से त्वचा की जलन समाप्त होती है और रूखापन भी खत्म हो जाता है।
- ओट्स को दूध में मिलाकर बनाए गए स्क्रब का प्रयोग करने से त्वचा की चमक बढ़ जाती है, और त्वचा लंबे संमय तक जवां और खूबसूरत दिखाई देती है।



हेल्दी और फिट रहना है तो पिएं टमाटर सूप

लाल लाल स्वादिष्ट टमाटर कई सब्जियों व डिश का अहम हिस्सा होते है। कच्चे टमाटर के अलावा उनका सूप भी बहुत ही स्वादिष्ट और पौष्टिक होता है। आमतौर पर खाने से पहले स्टार्टर के तौर पर लिए जाने वाले टमाटर सूप में विटामिन और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। जो आपको हेल्दी और फिट रखने में मदद करते हैं। आइए, जानते हैं टमाटर सूप पीने से सेहत को मिलने वाले गजब के फायदे

हड्डियों के लिए फायदेमंद

टमाटर सूप में विटामिन के और केल्शियम होता है जो हड्डियों को मजबूत रखता है। इसके अलावा शरीर में लाइकोपीन की कमी होने से भी हड्डियों पर तनाव बढ़ता है और टमाटर में काफी मात्रा में लाइकोपीन होता है, जो हड्डियों के लिए अच्छा होता है।

दिमाग को रखें दुरुस्त

टमाटर सूप में भरपूर मात्रा में कॉपर और पोटेशियम पाया जाता है, जिससे नर्वस सिस्टम ठीक रहता है और दिमाग को मजबूती मिलती है।

विटामिन की कमी करे पूरी

टमाटर सूप में विटामिन इ और ए अच्छी मात्रा में होता है। विटामिन इ, टिशू के विकास के लिए जरूरी होता है। कहते है कि शरीर में रोजाना 16% विटामिन इ और 20% विटामिन ए की जरूरत होती है और टमाटर सूप इसकी जरूरत को पूरा करता है।

वजन करे कम

टमाटर सूप को अगर ऑलिव ऑयल से बनाया जाए तो यह वजन घटाने में सहायक होता है, क्योंकि इसमें पानी और फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे आपको काफी समय तक भूख नहीं लगती।

कैंसर का खतरा करे कम

टमाटर सूप में लाइकोपीन और कैरोटोनॉयड जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं, जिससे कैंसर की आशंका कम हो जाती है।

ब्लड शुगर को करे नियंत्रण

डायबिटीज के मरीजों को डाइट में टमाटर सूप जरूर लेना चाहिए। इसमें क्रोमियम होता है, जो ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखने में सहायक होता है।

रक्त प्रवाह को बढ़ाएं

टमाटर में सेलेनियम होता है, जो रक्त प्रवाह को बढ़ाता है जिससे एनिमिया का खतरा कम हो जाता है।



पोषक तत्वों से भरपूर है किशमिश

बहुत से लोगों को सुबह उठने के बाद सुस्ती महसूस होती है, ऐसे में जागते तो हैं लेकिन थोड़ी ही देर बाद नींद आने लगती है। अगर आप सुबह पूरी एनर्जी के साथ उठना चाहते हैं तो किशमिश आपके रूटीन को बेहतर बना सकती है।

सुबह-सुबह उठना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। अगर आपके रूटीन में सुबह जल्दी उठने की आदत है तो समझिए आपके सारे काम सही तरीके से बनते हैं। साथ ही आप तमाम तरह की सेहत संबंधी समस्याओं से भी दूर रहेंगे। हालांकि, मौजूदा दौर में इस आदत को बहुत कम लोग फॉलो कर पाते हैं। वजह साफ है, देर रात तक उनका वर्क या फिर किसी भी कारण जागना।

ऐसे में अगर आप सुबह जल्दी उठते हैं तो शरीर में एनर्जी नहीं रहती, लिहाजा आप फिर सो जाते हैं। लेकिन डायटीशियन और स्किन डॉक्टर श्रेया ने हाल इस समस्या के समाधान का एक रास्ता निकाला है जिसे फॉलो कर आप आसानी से सुबह उठने की आदत डाल सकते हैं। श्रेया के अनुसार, किशमिश का सेवन कर आप सुबह एनर्जी के साथ उठ सकते हैं।

सुबह के वक्त क्यों खानी चाहिए भीगी किशमिश

डायटीशियन- डॉक्टर श्रेया ने हाल ही में सुबह जल्दी उठने और भीगी हुई किशमिश खाने को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया कि वे क्यों सुबह जागने के बाद किशमिश खाती हैं। डॉक्टर पोस्ट के कैप्शन में लिखती हैं, 'मैं यहां एक डीएम यानी Direct Message का जवाब दे रही हूं। किसी ने मुझसे पूछा कि मैंने अब भीगी हुई किशमिश खाना क्यों शुरू कर दिया है? क्या मैं एक रात का उल्लू और अरली वर्ड यानी सुबह की सैर करने वाली पक्षी बन रही हूं।'

किशमिश ऊर्जा, सूक्ष्म पोषक तत्वों - विटामिन बी, सी, आयरन, पोटेशियम और एंटीऑक्सिडेंट जैसे फेरुलिक एसिड, क्वेरसेटिन आदि से भरपूर होती है। इसके अतिरिक्त, इसमें आयरन, कैल्शियम और बोरॉन जैसे ट्रेस एंटीऑक्सिडेंट और खनिजों के साथ कुछ मात्रा में आहार फाइबर भी होते हैं। किशमिश मूल रूप से सूखे अंगूर हैं। इसलिए, वे अंगूर के अधिकांश पोषक तत्वों को बरकरार रखते हैं। आमतौर पर, साधारण चीनी के रूप में कार्बोहाइड्रेट, किशमिश का प्राइमरी कंपोनेंट होता है।

शरीर को ब्रेकफास्ट वाली एनर्जी देती है किशमिश

किशमिश सुबह की भूख को दूर रखने में भी सहायक है! भिगोने के बाद फाइबर इसमें एक प्राकृतिक रेचक के रूप में कार्य करता है। यह हमें तब तक ऊर्जा प्रदान करता है, जब तक हमारा नाश्ता तैयार नहीं हो जाता।

डायटीशियन कहती हैं कि जब आप अपने दिन की शुरुआत 5-6 भीगी हुई किशमिश खाने से करते हैं तो छोटी सी हैबिट आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित होती है। बकौल डॉक्टर, 'मैं नहीं चाहती कि ऐसा हो, क्योंकि मैं अपनी लाइफ स्टाइल में सुबह उठने के रूटीन को फॉलो कर रही हूं, इसलिए मुझे अपनी बॉडी को ट्रेंड करने, अपने पेट के लिए एक नई घड़ी सेट करने, अपने पाचन तंत्र को संदेश देने की जरूरत है कि 'अरे, इसकी आदत डाल लें। किशमिश के एक छोटे से आहार के जरिए मैं नए समय में ढलने की कोशिश में हूं। यह मूल रूप से मेरे सिस्टम के लिए एक एक्टिवेटर की तरह काम करती है, यह मेरे पाचन तंत्र को जगाती है और इसके माध्यम से मेरा पूरा शरीर थोड़ी सी ऊर्जा के साथ जाग जाता है।'

डॉक्टर ने कुछ ऐसे सवालों के जवाब दिए जो आपके दिमाग में अक्सर रहते हैं। वह कहती हैं कि 'इन सभी वर्षों के लिए मेरी सर्केडियन राइम दिन के बाद के वक्त के अनुसार निर्धारित की गई थी। जैसे मैं देर से उठती हूं तो देर से खाती हूं इसलिए स्वाभाविक रूप से देर से पचाती हूं, देर से सोती हूं और फिर उठती भी देर से हूं। अगले दिन और परसों इसी समयनुसार रूटीन चलता रहा है। मेरा शरीर इन समयों से अच्छे से परिचित है और अब इसे काफी पसंद करती हूं, क्योंकि इस रूटीन में सालों से ढल चुकी हूं। अगर मैं अपने खाने की आदतों में बदलाव किए बिना अचानक जल्दी उठना शुरू कर दूं, तो शरीर इसे लड़ने की कोशिश तो करेगा, क्योंकि यह बिना किसी फ्यूल यानी आहार के थक जाएगा और अंत में, मैं जल्दी उठने की आदत को छोड़ सकती हूं।'

भीगी किशमिश खाने के फायदे

- ये एनर्जी का पावरहाउस है।
- भीगी हुई किशमिश ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करती है।
- इसे खाने से हमारा पाचन तंत्र हेल्दी रहता है।
- सुबह सुबह इसे खाने इम्यून सिस्टम भी बूस्ट रहता है।
- हड्डी के स्वास्थ्य के लिए भी भीगी हुई किशमिश बेहतर फूड है।
- एनीमिया को ठीक करने में मददगार है।
- किशमिश कमजोर लोगों के वजन बढ़ाने में भी मददगार है।
- सुबह फुर्ती के साथ जागना है तो खाएं किशमिश



डाइट में शामिल करें ये मसाले

कई बीमारियों से बचेंगे

इस मौसम में आपको अपनी डाइट में कुछ चीजें जरूरी रूप से शामिल करनी चाहिए। हम बात कर रहे हैं कुछ ऐसे मसालों के बारे में जिन्हें इस मौसम में खाने पर आप कई कई बीमारियों से बच सकते है

काली मिर्च

काली मिर्च आपको सर्दी, खांसी, कफ, पाचन संबंधी समस्याओं से बचा सकती है साथ ही यह म्यूकस को शरीर से बाहर निकालने में भी काफी मददगार साबित होती है।

दालचीनी

दालचीनी का सेवन इस मौसम में गला खराब होने से तो बचाएगा ही, कफ को निकालने में भी मदद करेगा। यह प्राकृतिक तौर पर शरीर में गर्माहट पैदा करने में सहायक है जिससे आप सर्दी जनित समस्याओं से बच जाते हैं।

हल्दी

हल्दी इन दिनों में गर्माहट का अच्छा स्त्रोत है और यह एंटी बैक्टीरियल व एंटी फंगल गुणों से भरपूर है। गर्म दूध में हल्दी का सेवन तो अमृत के समान माना गया है।

अदरक

अदरक वाली चाय का मजा ही कुछ और होता है। इन दिनों में इसके फायदे भी आपके लिए दुगुने होते हैं, क्योंकि यह न केवल शरीर को गर्माहट देती है बल्कि मौसम की बीमारियों से आपको बचाती है। सूखी अदरक यानि सौंठ का सेवन भी इस मौसम में लाभकारी है।

लहसुन

लहसुन को भून कर खाने से सर्दी ठीक होती है, यह तो दादी मां के नुस्खों में से एक है। ऐसे कई फायदों में लहसुन से मौसमी बीमारियों का बचाव भी शामिल है।

सेहत और सुंदरता देता है तेज पत्ता

तेजपत्ते का इस्तेमाल केवल खाने में डालने तक ही सीमित नही हैं। कई लोगों को ये जानकर हैरानी हो सकती है कि तेजपत्ते के इस्तेमाल से आप अपनी त्वचा व बालों को भी फायदा पहुंचा सकते हैं। आइए, जानते हैं कि किस तरह से आप तेजपत्ते को अपनी सुंदरता बढ़ाने और सेहतमंद बनने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

- चेहरे पर दाग, धब्बे या मुहांसे होने पर तेजपत्ता काफी लाभदायक होता है। तेजपत्ते का लेप या फिर तेजपत्ता डालकर उबाले गए पानी से चेहरा धोना, चेहरे को साफ और बेदाग बनाए रखने में मदद करता है।
- तेजपत्ते का पानी सूर्य की किरणों से प्रभावित त्वचा को भी ठीक करने में मदद करता है, और त्वचा की रंगत को समान बनाए रखने में मदद करता है।
- बालों को नर्म, मुलायम और चमकदार बनाए रखने के लिए तेजपत्ते का उपयोग बेहद असरकारक होता है। आप चाहें तो इसे तेल में डालकर उस तेल को बालों की जड़ों में लगा सकते हैं, या फिर इसके पानी से बालों को धो सकते हैं।
- तेजपत्ते का लेप बनाकर बालों में लगाने से रूसी की समस्या से निजात मिल सकती है। इसे लेप को दही में मिलाकर भी लगाया जा सकता है, ताकि सिर की त्वचा में नमी बनी रहे और पोषण भी मिले।
- तेजपत्ते को सुखाकर उसके पाउडर को मंजन की तरह इस्तेमाल करना, दांतों की सफेदी और चमक बरकरार रखने में कारगर है। आप चाहें तो इसे सप्ताह में एक दिन आजमा सकते हैं।
- अगर किसी को काफी समय से कमर दर्द हो, तो इस काढ़े को पीने से जल्दी आराम मिलता है। आप चाहें तो कमर पर तेजपत्ते के तेल से मालीश भी कर सकते है।
- शीत लहर से होने वाले शारीरिक दर्द को भी ये काढ़ा दूर करने में मदद करता है। इसके लिए आप 10 ग्राम तेजपत्ता, 10 ग्राम अजवायन और 5 ग्राम सौंफ को एक साथ पीसकर मिश्रण तैयार कर लें। अब इस मिश्रण को 1 लीटर पानी में डालकर अच्छी तरह से उबाल लें। जब पानी उबलने के बाद 100-150 मिलीलीटर बच जाए तो गैस बंद कर दें। कुछ देर बाद जब ये मिश्रण ठंडा जाएगा तो आपका काढ़ा पीने के लिए तैयार है।
- अगर कही पर मोच आ गई हो, तो सूजन और दर्द से राहत देने में तेजपत्ते का काढ़ा सहायक होता है। आप चाहें तो तेजपत्ता को पीसकर उसका लेप भी दर्द वाली जगह पर लगा सकते हैं इससे भी राहत मिलती है।
- अगर नसों में सूजन हो या नसों में खिचाव, तो भी तेजपत्ते का काढ़ा आराम पहुंचाता है।
- तेजपत्ते में कॉपर, पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, सेलेनियम और आयरन काफी मात्रा में मौजूद होता है। इसमें कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स होते है जो कैंसर, ब्लड क्लॉटिंग और दिल संबंधित कई गंभीर बीमारियों से बचाने में भी मदद करते हैं।



अगर आप एक महिला हैं। घर-ऑफिस की जिम्मेदारी बराबर से संभाल रही हैं, तो समय आ गया है कि आप अपनी सेहत पर ध्यान दें। क्योंकि अब स्थिति पहले जैसी नहीं रही। कहीं ऐसा ना हो, कि भागदौड़ और काम के दबाव के चलते आप हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी बीमारी की गिरफ्त में आ जाएं। सुनकर थोड़ी हैरत होगी, लेकिन यह बात हम नहीं कह रहे, बल्कि एक स्टडी में सामने आई है।



पुरूषों के मुकाबले महिलाओं में हार्ट अटैक का खतरा ज्यादा

यूरोपीय स्ट्रोक संगठन में पेश किए गए एक अध्ययन के अनुसार, महिलाओं में काम के दबाव और नींद की कमी के चलते हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ रहा है।

आमतौर पर डायबिटीज, आरटियल हाइपरटेंशन, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान और मोटापा हृदय रोग के जोखिम में शामिल हैं। अध्ययन के अनुसार, वर्क प्रेशर, तनाव, नींद संबंधी विकार के कारण हार्ट अटैक और स्ट्रोक के मामले पुरूषों के मुकाबले महिलाओं में तेजी से बढ़ रहे हैं। स्टडी के ऑथर कहते हैं कि परंपरागत रूप से पुरूषों को महिलाओं की तुलना में दिल के दौरे और स्ट्रोक से ज्यादा प्रभावित माना जाता है। लेकिन अब कुछ देशों में इस मामले में महिलाओं ने पुरूषों को पीछे छोड़ दिया है। अब काम का तनाव महिलाओं को दिल की बामारी की चेतावनी का संकेत दे रहा है।

तनाव और थकावट है कारण

अध्ययन में पाया गया कि भले ही पुरूषें में महिलाओं की तुलना में धूम्रपान करने और माटे होने की संभावना ज्यादा थी, लेकिन हार्ट अटैक और स्ट्रोक के मामले सबसे ज्यादा महिलाओं में देखे गए। यूनिवर्सिटी हॉस्पीटल ज्यूरिख के न्यूरोलॉजिस्ट और उनकी टीम का कहना है कि महिलाओं में इन गंभीर बीमारियों में वृद्धि होने की वजह वर्कप्लेस पर ज्यादा काम का तनाव, नींद संबंधी विकार और थकावट है।

फुल टाइम जॉब करने वाली महिलाओं को हार्ट अटैक का खतरा ज्यादा

चौकाने वाली बात ये है कि इन बीमारियों का जोखिम फुल टाइम जॉब करने वाली महिलाओं में सबसे ज्यादा देखा गया है। टीम के अनुसार, ऑफिस में फुल टाइम जॉब करने वाली महिलाओं पर घर और ऑफिस की जिम्मेदारी निभाने का दबाव उन महिलाओं के मुकाबले ज्यादा रहता है, जो तीन से चार घंटे की नौकरी करती हैं।

थकान और नींद संबंधी विकारों में हुई वृद्धि

रिसर्चर्स ने 2012, 2017 और 2020 के स्विस हेल्थ सर्वे में 22000 महिलाओं और पुरूषों के डाटा की तुलना की। इसमें उन्होंने पाया कि कार्डियोवस्कुलर डिसीज के लिए गैर पारंपरिक जोखिम वाले कारकों की रिपोर्ट करने वाली महिलाओं की संख्या में खतरनाक रूप से वृद्धि हुई। कुल मिलाकर काम के दौरान स्ट्रेस लेने वाले पुरूष और महिलाओं की संख्या 2017 में 59 प्रतिशत से बढ़कर 2020 में 66 प्रतिशत हो गई। जबकि काम के बाद थकान महसूस करने वालों की संख्या 23 प्रतिशत से बढ़कर 29 प्रतिशत हो गई। इस अवधि में नींद संबंधी विकारों की संख्या 24 प्रतिशत से बढ़कर 29 प्रतिशत तक की वृद्धि देखी गई। नींद संबंधी विकार के मामले जहां पुरूषों में 5 प्रतिशत बढ़े, वहीं महिलाओं में 8 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है।

इस रिसर्च के बाद यह तो साफ है कि अब हार्ट अटैक और स्ट्रोक पुरूषों से जुड़ी बीमारी नहीं रही, बल्कि अगर ध्यान न दिया जाए, तो काम के दबाव के चलते महिलाओं में भी इन गंभीर बीमारियों का जोखिम बढ़ सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे हालातों से बचने के लिए महिलाओं को काम करते हुए कम तनाव और अच्छी नींद लेने की बहुत जरूरत है।

ड्रॉ रहा वेलिंगटन टेस्ट: भारत की जीत में बाधा बने मिचेल और फिलिप्स

एजेंसी, वेलिंगटन।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच वेलिंगटन में खेला गया पहला टेस्ट मैच पांचवें दिन ड्रॉ पर समाप्त हुआ। भारत को ये मुकाबला अपने नाम करने के लिए आज आठ विकेट लेने की जरूरत थी। भारतीय गेंदबाजों ने दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के कुल पांच विकेट गिरा दिए थे, लेकिन डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स क्रीज पर ऐसा टिके कि भारत की जीत में बाधा बन गए। आखिरकार तीसरे सेशन के दौरान दोनों टीमें ड्रॉ पर सहमत हुए और मैच का नतीजा नहीं निकल सका।

किस तरह टेस्ट बचाने में सफल रहा न्यूजीलैंड

जब मैच खत्म करने का फैसला लिया गया, तब भारत को जीत के लिए पांच विकेट की जरूरत थी और 15 ओवर बाकी थे, लेकिन इतने विकेट हासिल करना मुश्किल नजर आ रहा था। ऐसे में भारतीय टीम ने मुकाबले को ड्रॉ पर समाप्त करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में शानदार संघर्ष करते हुए भारतीय गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसाया। इस तरह भारत के हाथ से जीत का मौका निकल गया और न्यूजीलैंड टेस्ट बचाने में सफल रहा। डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स ने भारतीय गेंदबाजों



को पांचवें दिन विकेट के लिए तरसा दिया। दोनों ने मिलकर 258 गेंदों तक भारतीय गेंदबाजों का सामना किया और 63 रन जोड़े। मिचेल 186 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 49 रन और ग्लेन फिलिप्स 126 गेंद में दो चौके की मदद से 26 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने 120 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 239 रन बना लिए थे।

पारी से जीत की चाह ने छीना मैच?

न्यूजीलैंड ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 368 रन बनाए। भारत ने पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया। भारत के लिए केएल राहुल और ऋषभ पंत ने शतक जड़े, जबकि यशस्वी जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल, शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने अर्धशतकीय पारी खेली जिससे भारत ने पहली पारी नौ विकेट पर 720 रन बनाकर घोषित की। भारत ने इस तरह 352 रनों की बड़ी बढ़त ली। भारत ने अपनी पारी चौथे दिन तीसरे सत्र में घोषित की। चौथे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने न्यूजीलैंड को दो झटके भी दे दिए थे। ऐसा लग रहा था कि भारत ये मैच पारी के अंतर से जीत सकता है, लेकिन मिचेल और फिलिप्स भारत के सामने दीवार बनकर खड़े हो गए और उनके मुंह से जीत छीन ली।

मैच ड्रॉ होने के बाद यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या भारत ने पारी घोषित करने में ज्यादा देर कर दी। भारत पहली पारी में शुरूआत से ही सुखद स्थिति में था। पिच से बल्लेबाजों को मदद मिल रही थी, ऐसे में जब टीम इंडिया ने बढ़त हासिल की तो उन्होंने पहले ही पारी घोषित क्यों नहीं की? भारत अगर पहले ही पारी घोषित करता तो भारतीय गेंदबाजों को न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में ऑलआउट करने के लिए थोड़ा ज्यादा समय मिल सकता था। लेकिन ऐसा लगा कि भारत की रणनीति पारी से जीत दर्ज करने की थी।

हालांकि, भारतीय गेंदबाज न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में ऑलआउट नहीं कर सके, लिहाजा ये मैच भारत के हाथ से निकल गया और ड्रॉ पर समाप्त हुआ। साथ ही फील्डिंग में कई गलतियां भी हुईं जिसका खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा।

भारत के सामने दीवार बनकर खड़े हुए मिचेल-फिलिप्स

न्यूजीलैंड ने पांचवें दिन दो विकेट पर 119 रन से आगे खेलना शुरू किया। भारत को डेवोन कॉनवे के रूप में पहली सफलता मिली। कॉनवे 165 गेंद में सात चौके की मदद से 65 रन बनाकर सुंदर का शिकार बने। फिर रचिन रवींद्र को प्रसिद्ध कृष्णा ने ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया। रचिन 129 गेंद में चार चौके की मदद से 37 रन बना सके। टॉम ब्लंडेल को अंशुल कंबोज ने विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। ब्लंडेल 15 रन बना सके। भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने दो विकेट लिया। वहीं, बुमराह, कंबोज और सुंदर को एक-एक विकेट मिला।

भारत को आज दूसरे सत्र में विकेट के कई मौके मिले, लेकिन टीम उनका फायदा नहीं उठा सकी। डेरिल मिचेल को तीन बार जीवनदान मिला। पहले आकाश दीप रन आउट का आसान मौका चूक गए। इसके बाद प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर मिचेल के बल्ले का अंदरूनी किनारा लगा और गेंद उछल गई, लेकिन फॉरवर्ड शॉर्ट लेग पर कोई फील्डर मौजूद नहीं था। फिर अंशुल कंबोज की गेंद मिचेल के ग्लव्स से लगी, लेकिन देवदत्त पडिक्कल मुश्किल कैच नहीं पकड़ सके। ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिचेल ने धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते हुए दूसरे नई गेंद का डटकर सामना किया।

डब्ल्यूटीसी अंक तालिका का हाल

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला टेस्ट मैच ड्रॉ होने के बाद 2027 आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने का भारत का रास्ता बेहद कठिन हो गया है। मैच ड्रॉ होने से दोनों टीमों को चार-चार अंक तो मिले, लेकिन भारत का पॉइंट परसेंटेज (पीसीटी) 51.52% से गिरकर 50.00% पर आ गया है। वहीं, न्यूजीलैंड भी दूसरे से तीसरे स्थान (66.67%) पर खिसक गया है, जिससे ऑस्ट्रेलिया (69.23%) को दूसरे स्थान का सीधा फायदा मिला है। इस चक्र में भारत के पास अब केवल छह टेस्ट मैच बचे हैं। भारत को अब 27 नवंबर से क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट खेलना है और इसके बाद भारत को अपने घर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। अब भारत के पास गलती की कोई गुंजाइश नहीं बची है।

अल्कारेज ने जीता एटीपी फाइनल्स: राफेल नडाल का खास संदेश

एजेंसी, नई दिल्ली।

स्पेन के युवा टेनिस स्टार कार्लोस अल्कारेज ने पहली बार निट्टो एटीपी फाइनल्स का खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल मुकाबले में उन्होंने जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर यह बड़ी उपलब्धि हासिल की। अल्कारेज की इस शानदार जीत पर स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने भी खास अंदाज में बधाई दी। नडाल ने उनके संघर्षपूर्ण सीजन का जिक्र करते हुए इस जीत पर खुशी जाहिर की और आगामी डेविस कप के लिए शुभकामनाएं दीं।

ज्वेरेव को हराकर पहली बार चैंपियन बने अल्कारेज

कार्लोस अल्कारेज ने रविवार को इटली के ट्यूरिन में खेले गए एटीपी फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-2, 7-6(6) से शिकस्त दी। इस जीत के साथ उन्होंने पहली बार एटीपी फाइनल्स का खिताब अपने नाम किया। अल्कारेज ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया और एक भी मुकाबला गंवाए बिना चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वह यह प्रतिष्ठित साल के अंत का खिताब जीतने वाले तीसरे स्पेनिश खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले मैनुअल ओरांटेस और एलेक्स कोरेट्जा यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

राफेल नडाल ने खास संदेश देकर दी बधाई

अल्कारेज की ऐतिहासिक जीत




के बाद स्पेन के दिग्गज खिलाड़ी राफेल नडाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्हें बधाई दी। नडाल ने अपने संदेश में कहा कि वह जानते हैं कि अल्कारेज के लिए यह साल कितना मुश्किल रहा है। ऐसे में इस बड़े टूर्नामेंट को जीतना उनके लिए बेहद खास है। नडाल ने लिखा, 'निट्टो एटीपी फाइनल्स जीतने पर बधाई कार्लोस अल्कारेज! मुझे पता है कि यह साल तुम्हारे लिए काफी कठिन रहा है। मुझे बेहद खुशी है कि तुम इतना शानदार खेल दिखाते हुए इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट को जीतने में सफल रहे। अब डेविस कप के लिए तुम्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं!'

कलाई की चोट ने बिगाड़ दिया था अल्कारेज का सीजन

कार्लोस अल्कारेज के लिए यह सीजन आसान नहीं रहा। अप्रैल में बार्सिलोना एटीपी 500 टूर्नामेंट के दौरान कलाई में चोट लगने के कारण उन्हें चार महीने से ज्यादा समय तक टेनिस कोर्ट से दूर रहना पड़ा था। हालांकि, अगस्त में यूएस ओपन के दौरान उन्होंने वापसी की और इसके बाद शानदार लय हासिल कर ली। उन्होंने टोक्यो, वियना, पेरिस और ट्यूरिन में खिताब जीतकर अपने दमदार प्रदर्शन का परिचय दिया।

वक्त के साथ नहीं बदले तो कोई और आपकी जगह ले लेगा: आकांक्षा पुरी



अभिनेत्री आकांक्षा पुरी मनोरंजन जगत में पिछले 14 साल से सक्रिय हैं। उन्होंने तमिल फिल्मों से अपने करियर की शुरूआत की और हिंदी सिनेमा, टेलीविजन और अब ओटीटी तक का सफर तय किया है। इस दौरान उन्होंने खुद को वक्त के साथ ढाला और नए मौकों के अनुसार अपने काम करने का तरीका भी बेहतर किया। अभिनेत्री का कहना है कि इंडस्ट्री में लंबे समय तक अपनी जगह बनाए रखने के लिए लगातार मेहनत करने के साथ बदलाव को अपनाना भी जरूरी है। अगर कोई कलाकार समय के साथ खुद को अपडेट नहीं करता, तो उसकी जगह कोई दूसरा ले सकता है। टीसीईएल 2027 के मौके पर आईएएनएस से खास बातचीत में आकांक्षा ने इंडस्ट्री में बने रहने का अपना मंत्र साझा किया। उन्होंने बताया कि उनके लिए कंसिस्टेंसी सबसे ज्यादा मायने रखती है। एक कलाकार को लगातार खुद पर काम करते रहना चाहिए, क्योंकि समय के साथ अभिनय से लेकर मेकअप और हेयरस्टाइल तक बहुत कुछ बदल जाता है।

आकांक्षा ने कहा, "मुझे लगता है कि कंसिस्टेंसी ही सबसे जरूरी है। आपको लगातार खुद पर काम करते रहना चाहिए। मैं पिछले 14 साल से इंडस्ट्री में हूं, लेकिन 13-14 साल पहले जिस तरह का मेकअप और हेयरस्टाइल होता था या जिस तरह की एक्टिंग होती थी, वह आज काम नहीं करती। आज सोशल मीडिया है। आपको हर चीज के लिए तैयार रहना होगा और हर बदलाव को खुले दिल से अपनाना होगा, वरना आप पीछे रह जाएंगे। हमने भी यही किया। खुद को अपडेट किया, अपने ऊपर काम जारी रखा और हर बदलाव को स्वीकार किया।"

अभिनेत्री ने बातचीत में अपने करियर के अलग-अलग पड़ावों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि उनका सफर किसी एक इंडस्ट्री या प्लेटफॉर्म तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने साउथ फिल्मों से शुरूआत की, फिर हिंदी सिनेमा और टेलीविजन में काम किया और अब ओटीटी पर भी अपनी पहचान बना रही हैं।

उन्होंने कहा, "आज मैं ओटीटी पर काम कर रही हूं। इससे पहले मैं टेलीविजन पर काम कर रही थी और उससे पहले साउथ में काम कर रही थी। इसलिए आपको यह स्वीकार करना होगा कि समय बदल रहा है। अगर आप वक्त के साथ नहीं बदलेंगे, तो आपकी जगह कोई दूसरा ले लेगा। मैं लगातार खुद पर काम करती हूं और बदलाव को स्वीकार करती हूं। यही चीज मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।"

आकांक्षा के फिल्मी सफर की बात करें, तो उन्होंने साल 2013 में तमिल फिल्म 'एलेक्स पांडियन' से अभिनय की शुरूआत की थी। इसके दो साल बाद 2015 में उन्होंने मधुर भंडारकर की फिल्म 'कैलेंडर गर्ल्स' से हिंदी सिनेमा में कदम रखा। इस फिल्म में उनके काम ने उन्हें हिंदी दर्शकों के बीच पहचान दिलाई।

हालांकि, आकांक्षा को घर-घर में पहचान टीवी शो 'विघ्नहर्ता गणेश' में माता पार्वती के किरदार से मिली। इस पौराणिक शो में उनके अभिनय को दर्शकों ने पसंद किया। इसके बाद वह रियलिटी शो 'मीका दी वोटी' और 'बिग बॉस ओटीटी' में भी नजर आईं। हिंदी के अलावा, आकांक्षा तमिल, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। अलग-अलग भाषाओं और प्लेटफॉर्म पर काम करने के अनुभव ने उनके करियर को नया आयाम दिया है। अब ओटीटी पर काम करते हुए वह एक बार फिर नए बदलावों के साथ आगे बढ़ रही हैं।

श्रेया के कॉन्सर्ट में पहुंचीं श्रद्धा कपूर, स्टेज पर गाया 'आशिकी 2' का गाना

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने श्रेया घोषाल के कॉन्सर्ट का हिस्सा बनकर फैंस झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान श्रद्धा ने अपनी फिल्म 'आशिकी 2' का पॉपुलर गाना 'सुन रहा है ना तू' भी गाया। उनका यह अंदाज देखकर वहां मौजूद फैंस खुशी से झूम उठे।

श्रेया के गाने पर झूमीं श्रद्धा

दरअसल, श्रेया घोषाल ने रविवार, 22 नवंबर को बेंगलुरु में अपने 'अनस्टॉपेबल इंडिया टूर' की शुरूआत की। कॉन्सर्ट की पहली रात को खास बनाने के लिए श्रद्धा कपूर भी स्टेज पर पहुंचीं। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में श्रद्धा श्रेया के साथ डांस करती और गाना गाती नजर आ रही हैं। कॉन्सर्ट के दौरान श्रेया घोषाल ने श्रद्धा की आने वाली फिल्म 'ईठा' का गाना 'जी जी रे जी' गाया। इसी बीच श्रद्धा अचानक स्टेज पर पहुंच गईं और गाने पर डांस करने लगीं। एक्ट्रेस को इस तरह अपने सामने देखकर वहां मौजूद दर्शक काफी एक्साइटेड हो गए।

श्रद्धा ने गाया 'सुन रहा है ना तू'

इसके बाद श्रेया घोषाल ने श्रद्धा को उनकी फिल्म 'आशिकी 2' का गाना 'सुन रहा है ना तू' गाने के लिए कहा। शुरूआत में श्रद्धा थोड़ी हिचकिचाती नजर आईं, लेकिन बाद में उन्होंने गाना शुरू कर दिया। जैसे ही श्रद्धा ने गाना खत्म किया, पूरा स्टेडियम तालियों और शोर से गूंज उठा। वहां मौजूद फैंस उन्हें फिल्म में उनके किरदार के नाम 'आरोही' से बुलाने लगे।

परफॉर्मेंस खत्म होने के बाद उन्होंने श्रद्धा को गले लगा लिया। बता दें कि फिल्म 'आशिकी 2' में श्रद्धा ने आरोही का किरदार निभाया था और श्रेया ने ही उनके लिए गाने गाए थे।

श्रद्धा ने श्रेया के लिए लिखा खास पोस्ट



कॉन्सर्ट के बाद श्रद्धा कपूर ने सोशल मीडिया पर श्रेया घोषाल के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इसके साथ उन्होंने एक खास नोट भी लिखा।

श्रद्धा ने लिखा, 'यह मेरे लिए किसी जादू जैसा है कि 'जी जी रे जी' को इतनी शानदार आवाज वाली श्रेया घोषाल ने गाया है। 13 साल पहले भी वही आरोही की आवाज बनी थीं, जब मेरी जिंदगी हमेशा के लिए बदल गई थी। कल मुझे अपने स्टेज पर बुलाने के लिए आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।'

हैली स्टैनफेल्ड की एमसीयू में वापसी, 'एवेंजर्सः डूम्सडे' में निभाएंगी केट बिशप का किरदार

हॉलीवुड अभिनेत्री हैली स्टेनफेल्ड मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में वापसी कर रही हैं। वे 'एवेंजर्सः डूम्सडे' में केट बिशप के रोल में नजर आएंगी। मार्वल स्टूडियोज और डिज्नी एनिमेशन के साझा एलान के बाद हैली की एमसीयू में वापसी की पुष्टि हुई है। इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक वीडियो में वे इस बारे में बात करते दिखी हैं।

वीडियो के जरिए दी वापसी की जानकारी

साझा किए गए वीडियो में स्टेनफेल्ड अपनी आगामी फिल्म 'हेक्स्ड' का प्रमोशन करते हुए दिखाई दे रही हैं। वीडियो में स्टेनफेल्ड कहती हैं, 'अरे, तो मैं अपनी फिल्म 'हेक्स्ड' के साथ यहां हूं, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्होंने किसी दूसरी फिल्म की कुर्सी दी है'। फिर, वे अपने नाम वाली एक डायरेक्टर की कुर्सी की ओर देखती हैं। पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'एवेंजर्स- डूम्सडे' में वापसी से पहले डिज्नी की 'हेक्स्ड' में हैली को देखें'।

किरदार को लेकर हैली ने क्या कहा?

बता दें कि हैली स्टीनफेल्ड ने इससे पहले साल 2021 की डिज्नी+ सीरीज 'हॉकआई' में जेरेमी रेनर के साथ केट बिशप का रोल किया था। 2023 की फिल्म 'द मार्वल्स' में ब्री लार्सन, टेयोना पैरिस और इमान वेल्लानी के साथ एक छोटी पोस्ट-क्रेडिट अपीयरेंस दी थी। किरदार निभाने के बारे में बताते हुए स्टीनफेल्ड ने पहले वैरायटी को बताया था, 'ऐसा किरदार निभाना सच में बहुत खुशी की बात है, जो किसी भी तरह से किसी को भी इंस्पायर कर सके। केट बिशप एक ऐसा किरदार है, जिसे मैं बड़े होते हुए देखना पसंद करती। कोई ऐसा जो पूरी तरह से एम्बिशियस, ड्रिवन और डिसिप्लिन्ड हो और अपने गोल्स को पाने के लिए जो कुछ भी करना पड़े, उसे खुद करने का फैसला करती है'।



कब रिलीज होगी 'एवेंजर्सः डूम्सडे'?

'एवेंजर्सः डूम्सडे' 18 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसे लेकर भारतीय दर्शकों के बीच भी जबर्दस्त क्रेज है। वहीं, बात करें डिज्नी की एनिमेटेड फिल्म 'हेक्स्ड' की तो यह भारत में 27 नवंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



शरवरी वाघ: 'प्यार का पंचनामा 2' के ऑडिशन में हुईं रिजेक्ट, ऐसे बनी फिल्मों की लीड एक्ट्रेस

शरवरी हाल ही में होस्ट माधुरी दीक्षित के क्विज रियलिटी शो 'कोण होणार करोड़पति' में पहुंची थीं। यहां उन्होंने बताया कि किस तरह फिल्मों में बतौर अभिनेत्री काम करने का सपना लेकर आईं शरवरी ने असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर अपने करियर की शुरूआत की।

'प्यार का पंचनामा 2' के ऑडिशन में हुई थीं रिजेक्ट

माधुरी दीक्षित से बातचीत के दौरान शरवरी ने बताया कि उन्होंने शुरूआत में अभिनेत्री बनने के लिए फिल्म 'प्यार का पंचनामा 2' का ऑडिशन दिया था।

इस बारे में बात करते हुए शरवरी ने कहा, 'मुझे याद है कि मैं 'प्यार का पंचनामा 2' के लिए ऑडिशन देने गई थी, लेकिन मेरा सिलेक्शन नहीं हुआ। इसके बाद मैंने उनसे पूछा कि क्या मैं असिस्टेंट डायरेक्टर बन सकती हूं?

इसे डायरेक्टर का असिस्टेंट भी कहते हैं। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मुझे कोई काम आता है? मैंने कहा कि नहीं, मुझे कुछ भी नहीं आता। इसके बावजूद उन्होंने मुझे काम दिया और सब कुछ सिखाया।'

तीन फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर किया काम

शरवरी ने बताया कि लव रंजन से मिला यह मौका उनके करियर के लिए काफी अहम साबित हुआ। उन्होंने अपने शुरूआती दिनों में तीन फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। इनमें 'प्यार का पंचनामा 2', संजय लीला भंसाली की 'बाजीराव मस्तानी' और लव रंजन की 'सोनू के टीटू की स्वीटी' शामिल हैं।

अब आयुष्मान खुराना के साथ आएंगी नजर

असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर अपने करियर की शुरूआत करने वाली शरवरी अब सूरज बड़जात्या की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' में नजर आने वाली हैं।

फिल्म में उनके साथ अभिनेता आयुष्मान खुराना मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।

सूरज आर. बड़जात्या के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक पारिवारिक रोमांटिक ड्रामा है। इसमें आयुष्मान और शरवरी के अलावा अनुपम खेर, सुप्रिया पाठक, सीमा पाहवा, सौम्या टंडन और स्वानंद किरकिरे जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

बता दें कि 'ये प्रेम मोल लिया' 27 नवंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।